वर्ष : 18 अंक: 28 | आगरा | बुधवार 02 अप्रैल 2025 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



उत्तरप्रदेश,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 36 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

## पीएम मोदी ने हैदराबाद हाउस में चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक से की मुलाकात, अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

**नईदिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के हैदराबाद हाउस में चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक फॉन्ट से मुलाकात की है। चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक भारत की पांच दिवसीय यात्रा पर आए हैं। राष्ट्रपति गेब्रियल के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है जिसमें मंत्री, संसद सदस्य, व्यापार संघ और भारत-चिली सांस्कृतिक संबंधों से जुड़े प्रमुख लोग शामिल हैं। राष्ट्रपति के रूप में बोरिक की यह पहली भारत यात्रा है।



राष्ट्रपति बोरिक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ भारत-चिली संबंधों के पहलुओं पर चर्चा की है। वार्ता के बाद एक वक्तव्य में मोदी ने कहा, ''आज, हमने अपनी-अपनी टीम को पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर चर्चा शुरू करने का निर्देश दिया है।'' उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में साझेदारी की संभावनाएं तलाशी जाएंगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि लचीली आपूर्ति और मूल्य श्रृंखलाएं स्थापित करने के लिए भी काम किया जाएगा। चिली को लैटिन अमेरिका में भारत का एक महत्वपूर्ण साझेदार बताते हुए मोदी ने कहा कि भारत इस देश को अंटार्कटिका के प्रवेश द्वार के रूप में देखता है। उन्होंने कहा कि भारत डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, नवीकरणीय ऊर्जा, रेलवे, अंतरिक्ष और अन्य क्षेत्रों में चिली के साथ अपने सकारात्मक अनुभव साझा करने के लिए तैयार है।

पीएम मोदी से पहले विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने दिल्ली में चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक से मुलाकात की थी। इस दौरान विदेश मंत्री ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक से उनकी भारत की राजकीय यात्रा की शुरुआत में मुलाकात करके प्रसन्नता हुई। हमारे दीर्घकालिक सहयोग को और गहरा करने के लिए उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं। मुझे विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी बातचीत से नई साझेदारी और अधिक जुड़ाव को बढ़ावा मिलेगा।

राष्ट्रपति गेब्रियल राष्ट्रपति बोरिक भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति बोरिक 5 अप्रैल को चिली लौटने से पहले आगरा, मुंबई और बेंगलुरु भी जाएंगे।

हाल के वर्षों में चिली और भारत के बीच व्यापार बढ़ा है। चिली और भारत के बीच द्विपक्षीय कारोबार वर्ष 2020 की तुलना में वर्ष 2024 में 1545 करोड़ रुपये से बढ़ कर 3843 करोड़ रुपये हो गया है।

## वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में 12 बजे पेश होगा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** संसद में वक्फ बिल के विरोध के लिए INDIA ब्लॉक ने सोमवार को बैठक करके रणनीति पर चर्चा की। वक्फ संशोधन बिल 2 अप्रैल को प्रश्नकाल के बाद दोपहर 12 बजे लोकसभा में पेश होगा। स्पीकर ओम बिरला ने इस पर 8 घंटे चर्चा का समय निर्धारित किया है। NDA को बहस में बोलने के लिए 4 घंटे 40 मिनट का समय मिला है। बाकी के वक्त विपक्ष के नेता बोलेंगे। बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (BAC) ने जब इस बात की जानकारी दी। विपक्ष ने कहा कि चर्चा 12 घंटे होनी चाहिए। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बिल पर चर्चा का समय बढ़ाया जा सकता है। इसके बाद बिल लोकसभा में पास किया जाएगा। हालांकि, विपक्ष ने BAC की बैठक से वॉकआउट कर दिया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने सरकार पर अपने एजेंडे को थोपने और विपक्षी सदस्यों की बात नहीं सुनने का आरोप लगाया।

### प्रधानमंत्री पद की दावेदारी पर सीएम योगी का बड़ा बयान

## मैं योगी हूं, हमेशा के लिए राजनीति में नहीं

**लखनऊ,एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मैं दिल से एक योगी हूं और राजनीति मेरा पूर्णकालिक व्यवसाय नहीं है। मैं मुख्यमंत्री पद पर उत्तर प्रदेश की जनता की सेवा करने के लिए हूं और मैं हमेशा के लिए राजनीति में नहीं आया हूं। मेरी पार्टी भाजपा ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे मैं निभा रहा हूं। पीटीआई को दिए गए साक्षात्कार में उन्होंने प्रधानमंत्री पद की दावेदारी को लेकर खंडन किया। उन्होंने कहा कि मैं कब तक राजनीति में रहूंगा इसकी समय सीमा है। मैं हमेशा के लिए राजनीति में नहीं हूं। बता दें कि इन दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराधिकारी को लेकर चर्चाएं काफी तेज हैं और योगी को उनके समर्थकों के द्वारा प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर देखा जा रहा है। ये चर्चाएं प्रधानमंत्री मोदी के 30 मार्च को संघ मुख्यालय जाने के बाद और तेज हो गई हैं। सोशल मीडिया पर हो रही चर्चाओं में सीएम योगी और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को प्रधानमंत्री पद के दावेदार के तौर पर देखा जा रहा है।



इस पर शिवसेना के नेता संजय राउत ने भी बयान दिया है। उन्होंने कहा कि देश का अगला प्रधानमंत्री महाराष्ट्र से होगा जिस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि मोदी जी ही देश का नेतृत्व करेंगे। हमारी संस्कृति में जब तक पिता जीवित होता है उत्तराधिकारी की बात नहीं की जाती है।

**केंद्रीय नेतृत्व की वजह से हूं सीएम**

केंद्रीय नेतृत्व से मतभेद होने से जुड़े सवाल को खारिज करते हुए योगी ने कहा कि केन्द्रीय नेतृत्व के साथ मेरा कोई मतभेद नहीं है। मतभेद होता तो मैं यहां नहीं बैठा होता। मैं खुद को विशेष भी नहीं मानता हूं। योगी ने हैरानी जताते हुए कहा कि पता नहीं मतभेद होने की बात कहां से आ जाती है।

## अमित शाह से मिले सपा के बागी विधायक, बताई सपा छोड़ने की वजह

**लखनऊ,एजेंसी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से समाजवादी पार्टी के तीन बागी विधायकों विनोद चतुर्वेदी, राकेश प्रताप सिंह और अभय सिंह ने मंगलवार को दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सपा का साथ छोड़ने की वजहों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही, भविष्य की राजनीति के बारे में भी चर्चा की। सपा के बागी विधायकों की इस मुलाकात के बाद सियासी गलियारों में प्रदेश में होने वाले मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर फिर से अटकलें शुरू हो गई हैं। बता दें कि सपा से बगावत करने वाले विधायक बीते दिनों भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं से मिलते रहे हैं, हालांकि उन्हें पार्टी में शामिल करने अथवा कोई अहम जिम्मेदारी देने को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इससे बागी विधायक अपने भविष्य को लेकर चिंतित भी हैं।



मंगलवार को भाजपा के राज्यसभा सांसद संजय सेठ के साथ तीनों बागी विधायकों ने केंद्रीय गृह मंत्री से मिलकर अपनी चिंताओं से अवगत कराया।

बता दें कि सपा ने भी अपने बागी विधायकों की सदस्यता खत्म कराने के लिए अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। वहीं विधायकों की बगावत के बाद लोकसभा चुनाव में इसका खास असर देखने को नहीं मिला।

## ताइवान के खिलाफ जंग की तैयारी! चीन ने दी खुलेआम धमकी; शुरू किया बड़ा सैन्य अभ्यास

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन और ताइवान के बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। चीन ने एक बार फिर ताइवान के खिलाफ बड़ा कदम उठाया है। चीन ने ताइवान पर अपनी संप्रभुता का दावा करने के लिए उसके आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार को संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू किया है। चीन की ओर से किए जा रहे इस सैन्य अभ्यास में उसके कई बलों ने हिस्सा लिया है। इस अभ्यास का मकसद ताइवान की ''उन ताकतों को कड़ी चेतावनी'' देना है जो स्वयं को स्वायत्त बताती हैं।

'चाइनीज पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ईस्टर्न थिएटर कमांड' के एक प्रवक्ता ने बताया कि कमान ने मंगलवार को ताइवान द्वीप के आसपास संयुक्त अभ्यास शुरू किया। 'थिएटर कमांड' के प्रवक्ता सीनियर कर्नल शी यी ने सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' के हवाले से कहा कि कमान ने अपनी थल सेना, नौसेना, वायुसेना और रॉकेट बलों को कई दिशाओं से ताइवान द्वीप के पास पहुंचने के लिए संगठित किया है। शी के अनुसार, यह अभ्यास मुख्य रूप से समुद्री एवं हवाई युद्ध के लिए तैयारी गश्त, उत्कृष्ट संयुक्त अभ्यास, समुद्री और जमीनी लक्ष्यों पर हमले का अभ्यास और सैनिकों की संयुक्त अभियानगत क्षमताओं का परीक्षण करने के लिए प्रमुख क्षेत्रों और समुद्री मार्गों पर केंद्रित हैं। शी ने कहा कि यह अभ्यास ''ताइवान की आजादी की समर्थक अलगाववादी ताकतों'' के खिलाफ एक सख्त चेतावनी है और चीन की संप्रभुता एवं राष्ट्रीय एकता की रक्षा के लिए एक वैध एवं आवश्यक कार्रवाई है।

## राणा सांगा विवाद: सभी सांसदों की सुरक्षा महत्वपूर्ण, धनखड़ ने रामजी लाल सुमन की सुरक्षा पर जताई चिंता

**नई दिल्ली,एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के द्वारा राणा सांगा पर की गई टिप्पणी मामले में विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। जहां उनकी टिप्पणी के चलते उन्हें कई तरह की धमकियों का सामना करना पड़ रहा है।इसी बीच राज्यसभा अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को कहा कि सभी सांसदों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद राम गोपाल यादव से अपील की कि वे अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके अपने साथी सांसद रामजी लाल सुमन पर की गई धमकियों के मामले को शांत कराएं। बता दें कि सपा सांसद सुमन ने सदन में राणा सांगा को लेकर कुछ टिप्पणियां की थीं, जिन पर भाजपा और एनडीए के सदस्य नाराज हो गए थे। इसके बाद सभापति ने उनकी टिप्पणियों को संसद के रिकॉर्ड से हटा दिया था। इन टिप्पणियों को लेकर सुमन को कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है।



**धनखड़ ने सुरक्षा को लेकर जताई चिंता**

इस मामले पर शून्यकाल के दौरान धनखड़ ने सपा सांसदों द्वारा दिए गए स्थगन नोटिस को खारिज कर दिया, जिसमें सुमन को मिली धमकियों और हमले के प्रयास पर चर्चा करने की मांग की गई थी। सभापति ने यह भी कहा कि प्रत्येक सांसद की सुरक्षा महत्वपूर्ण है और इस पर ध्यान देना जरूरी है। साथ ही धनखड़ ने यादव से यह भी अनुरोध किया कि वे इस मामले को शांत करें और ऐसी टिप्पणियों को फिर से न दोहराएं।

**सपा सांसद राम गोपाल ने राज्यसभा में उठाया मुद्दा**

सपा सांसद राम गोपाल यादव ने इस मुद्दे को राज्यसभा में उठाया। उन्होंने कहा कि सुमन की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं हैं। उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति ने सुमन की जान के बदले 25 लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। यादव ने कहा कि यह विषय गंभीर है और सांसदों की सुरक्षा का मुद्दा बहुत महत्वपूर्ण है।

## दूर कर दी हैं, हमने सारी बाधाएं आप उद्योग लगाएं, सरकार करेगी मदद: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### अब जिला स्तर पर सेक्टर आधारित इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की होगी शुरुआत, 27 अप्रैल को इंदौर में पहली आईटी सेक्टर कॉन्क्लेव



**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज मध्यप्रदेश एक नई उड़ान पर है। सरकार की रीति-नीति से निवेशकों में विश्वास का माहौल बना है। प्रदेश में उद्यमी, उद्योगपति, व्यापारी, व्यवसायी सब उत्साहित हैं। हम उद्यमशीलता को बढ़ाने के लिए एक नई धारा, एक नई ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश में बिजनेस को सहज बनाने के लिए हमने सारी बाधाएं, सारी रूकावटें दूर कर दी हैं। आप बस उद्योग लगाएं, हमारी सरकार उद्योग लगाने से लेकर इसे संचालित करने तक आपकी हर जरूरी मदद करेगी, प्रोत्साहन इन्सेंटिव देगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की ओर से एक निजी होटल में आयोजित उद्योग निवेश सब्सिडी के वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में स्थापित करीब 2500 सूक्ष्म, लघु और मध्यम श्रेणी की औद्योगिक इकाइयों को 1075 करोड़ और छोटे-बड़े (वृहद श्रेणी के) उद्योगों को करीब 703 करोड़ रूपए, इस प्रकार कुल 1778 करोड़ रुपए की उद्योग निवेश सब्सिडी हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रिमोट दबाकर सिंगल क्लिक से डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए सब्सिड़ी राशि उद्यमियों (निवेशकों) के बैंक खाते में ट्रांसफर की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्यमियों का बढ़ता हौसला ही हमारी पूंजी है। जीआईएस से हमें बहुत अच्छा प्रतिसाद मिला है। मध्यप्रदेश में हर निवेशक का स्वागत है, सम्मान है। हमने छोटे-बड़े सभी उद्योगों को प्रोत्साहन दिया है, नए वित्त वर्ष के सालाना राज्य बजट में भी हमने सबका ध्यान रखा है। उन्होंने कहा कि बीते साल हमने 5 हजार 260 करोड़ की उद्योग निवेश सब्सिडी राशि पूरी पारदर्शिता के साथ डीबीटी के जरिए ही निवेशकों के खातों में हस्तांतरित की। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को नई ऊंचाई प्रदान करने के लिए राज्य सरकार ने नवीन औद्योगिक नीति बनाई है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भोपाल में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 का सफल आयोजन हुआ, जिसमें 30 लाख 77 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। सरकार ने संभागीय स्तर पर औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन और लोकार्पण प्रारंभ कर दिया है। राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक इकाइयों का भूमि-पूजन और उन्हें प्रोत्साहन राशि ट्रांसफर करना, जीआईएस के बाद निवेशकों को प्रोत्साहित करने की अगली कड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार ने प्रदेश में पहली बार निवेश की संभावनाओं को तलाशा और संभागीय स्तर पर आयोजित की गई 7 रीजनल इन्वेस्टर्स समिट ने नई ऊंचाइयां प्राप्त कीं। प्रदेश में निवेश एवं उद्योगों के विकास में देश-दुनिया के उद्योगपतियों ने उत्साह दिखाया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जीआईएस के उद्घाटन-सत्र में उद्योगपतियों और व्यापारियों को निवेश के मंत्र दिए।

## नेता की पुत्रवधू व उसके रिश्तेदारो पर षडयंत्र पूर्वक रजिस्ट्री कराने का लगाया आरोप

### आवेदक ने कलेक्टर एवं एसपी को आवेदन देकर रजिस्ट्री निरस्त कर कार्यवाही की मांग की, मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के रजिस्ट्रार कार्यालय का



**मुरैना,कांस।** जिले का उप पंजीयक कार्यालय वैसे तो हमेशा फर्जी रजिस्ट्री करने के लिए सुर्खियों में रहता है, लेकिन इस बार एक नेता पुत्रवधू ने रिश्तेदारों के साथ पंजीयक से मिलकर करोडो रूपये की जमीन अपने व अपने रिश्तेदारों के नाम कराने का मामला प्रकाश में आया है। जिसकी जानकारी होने पर पीडित ने तत्काल शिकायत सब रजिस्ट्रार, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक से लेकर मंत्री तक कर फर्जी रजिस्ट्री को निरस्त कर फर्जी रजिस्ट्री कराने वाले एवं उनका सहयोग करने वालो के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। मिली जानकारी के अनुसार मिल एरिया रोड दत्तपुरा में निवास करने वाले बाबूलाल पचौरी पुत्र स्व. श्री भोगीराम पचौरी ने अपने स्वामित्व की भूमि सर्वे क्रमांक 1178/2 रकवा 4851 वर्गफीट को दो प्लॉटो में विक्रय करने का मौखिक अनुबंध बसपा के पूर्व नेता रामप्रकाश राजौरिया की पुत्रबधू श्रीमती राधा राजौरिया पत्नी तरूण राजौरिया एवं अभय डण्डोतिया एवं रामनरेश डण्डोतिया से हुआ था, जिसमें क्रेता श्रीमती राधा राजौरिया को 2200 वर्गफीट एवं अभय एवं रामनरेश को 2651 वर्गफीट का वयनामा होना था, जिसके लिए राधा राजौरिया ने 1850000 रूपये तथा अभय ने 2125000 रूपये अपने-अपने खाते से विक्रेता के खाते में ट्रॉन्सफर किए, वयनामा संपादित करने से पूर्व विक्रेताओ ने उन्हें मुरैना गॉव की भूमि 1178/2 रकवा 4851 वर्गफीट का कच्ची रजिस्ट्री तैयार कर विक्रेता को दिखाकर दो भागो में रजिस्ट्री होने के लिए इसी भूमि की कच्चा बयनामा एवं नक्शा तैयार संतुष्टि के लिए विक्रेता को दिखाया गया था, और कहा कि 29 मार्च को वयनामा संपादित करायेगें। इस बात पर विक्रेता ने कहा कि जब रजिस्ट्री करने का नम्बर आए तो हमें फोन कर देना हम रजिस्ट्रार कार्यालय आ जायेगें।

शिकायत कर्ता ने बताया कि 29 मार्च को अभय डण्डोतिया हमारे घर आया और बोला कि रजिस्ट्री का नम्बर आ गया है आप हमारे साथ चलो और हम लोग उसकी गाडी में बैठकर रजिस्ट्रार कार्यालय आए जहॉ पर हमारे द्वारा रजिस्ट्रार कार्यालय में फेटो एवं डिजिटल हस्ताक्षर ले रहे स्टाफसे मूल रजिस्ट्री दिखाने को कहा तो उन्होने हमें मूल रजिस्ट्री नही दिखाई जब हमारे द्वारा फेटो एवं हस्ताक्षर करते समय कार्यालय के अंदर रखी रजिस्ट्री को हमने देखा तो उसमें हमारे स्वामित्व की हिगौना मौजे की इन्द्रलोक होटल के सामने हाईवे की जमीन जिसकी करोडो रूपये की कीमत है को षडयत्र पूर्वक रजिस्ट्री में अंकित कराकर हमें धोखे में रखकर रजिस्ट्री कराने की जानकारी हुई तो हमने इसकी शिकायत वहॉ मौजूद रजिस्ट्रार एवं सब रजिस्ट्रार बलराम भदौरिया से मौखिक एवं लिखित रूप से कर रजिस्ट्री निरस्त कर कार्यवाही की मांग की।

उसके बाद पीडितो ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर षडयंत्र पूर्वक कराई गई फर्जी रजिस्ट्री की निष्पक्ष एवं सीसी फुटेज के आधार पर जांच कर षडयंत्र कारियो के खिलाफकार्यवाही की मांग की है। जब इस बारे में उनका मत जानने के लिए भूमि क्रेता श्रीमती राधा राजौरिया के पति तरूण राजौरिया से उनके मोबाईल नम्बर 94254-19008 पर सम्पर्क करने का प्रयास लेकिन उनका मोबाईल आउट ऑफ कबरेज बोलने से बात नही हो सकी।

### आवेदन देकर मंत्री से लगाई न्याय की गुहार

षडयंत्र पूर्वक वयनामा कराने के मामले में पीडित बाबूलाल पचौरी ने कृषि मंत्री श्री ऐंदल सिंह कंषाना को आवेदन देकर फर्जी रजिस्ट्री को निरस्त करने की गुहार लगाई। मंत्री को पीडित ने बताया कि हमारे साथ रामप्रकाश राजौरिया की बहू एवं उसके रिश्तेदारो ने धोखे से हमारे मुरैना गॉव की जमीन के साथ-साथ हिगौना मौजे की जमीन का भी वयनामा करा लिया है। मंत्री ने आवेदक की बात को गंभीरता से सुनकर सबंधित अधिकारी को निष्पक्ष जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



# 75 आकर्षक झांकियों संग निकलेगी दक्ष कन्या मां भगवती की शोभायात्रा

## 5 अप्रैल को प्रजापति समाज द्वारा चैत्र माह की महाष्टमी के पावन पर्व पर आयोजित की जा रही शोभायात्रा ढोल नगाड़ों संग धूमधाम से नालबंद चौराहा से प्रारम्भ होगी



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** दक्ष कन्या मां भगवती की भव्य शोभायात्रा का आयोजन चैत्र माह के शुक्ल अष्टमी पर धूमधाम से किया जाएगा। दक्ष कन्या मां भगवती शोभायात्रा समिति संग शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से 75 से अधिक आकर्षक झांकियां बैंड बाजों व ढोल नगाड़ों के साथ धूमधाम से निकलेंगी। महाष्टमी के दिन 5 अप्रैल को दोपहर 2 बजे प्रजापति देवी मंदिर चौराहा नालबंद से शोभायात्रा का शुभारम्भ होगा। इससे पूर्व 3 अप्रैल को सुबह 10 बजे शहरवासियों को शोभायात्रा में आमंत्रित करने के लिए दोपहिया वाहनों पर आमंत्रण रैली निकाली जाएगी। यह जानकारी शोभायात्रा के संयोजक सुनहरी लाल गोला, अध्यक्ष अशोक गोला, महामंत्री नवीन प्रजापति, मीडिया प्रभारी राजेश प्रजापति ने किदवई पार्क स्थित श्याम होटल में आयोजित आमंत्रण पत्र विमोचन कार्यक्रम में दी। बताया कि शोभायात्रा में देवी देवताओं के विभिन्न स्वरूपों से सुसज्जित झांकियां व महापुरुषों की जीवनी से सम्बंधिक संदेश देते हुए 75 आकर्षक झांकियां निकाली जाएंगी। जिसमें बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, जल ही जीवन है, क्लीन आगरा-ग्रीन आगरा व पर्यावरण की थीम पर भी आकर्षक झांकियां होंगी। जगह-जगह लगभग 80 स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत पुष्प वर्षा कर किया जाएगा। जगह-जगह भंडारे, तोरणद्वार, शीतल जल की प्याऊ लगाई जाएंगी। समिति के पदाधिकारियों ने नगर युक्त से शोभायात्रा मार्ग पर प्रकाश, सफाई व मरम्मत कार्य की मांग भी की है। इस अवसर पर मुख्य रूप से श्रीचंद गोला, जयचन्द प्रजापति, हेमन्त प्रजापति, मुन्नालाल प्रजापति, भगवान दास दक्ष, मंजू प्रजापति, विमलेश प्रजापति, सुमित, शिवम, प्रभुदयाल, मुनेश, जय, ललित दक्ष, संजीव, रविन्द्र, सुभाष, नवनीत, पवन, ललितेश, जगदीश, सोनी, सतीश, सुभाष, कन्हैयालाल, रवि हरिओम, विजय, ओमप्रकाश, राजकुमार, दीपक, सुनील, हिमांशु, भीष्मपाल, महेश आदि उपस्थित थे।

**यह होगा शोभायात्रा का मार्ग**

नागबंद चौराहा स्थित प्रजापति देवी मंदिर से प्रारम्भ होकर सोभायात्रा पंचकुईयां, जीआईसी ग्राउंड, कोठी मीनाबाजार, सिरकी मंडी, लोहामंडी चौराहा, तोता का ताल, मदिया कटरा, हरी पर्वत, मंडी सईद खां, रघुनाथ सिनेमा, चित्रा सिनेमा, काली बाड़ी मंदिर से नूरी दरवाजा, राजामंडी चैराहा, आगरा कालेज, टीबी हॉस्पीटल, खिड़की काले खां, पटेल नगर, मोती कटरा, नीरा हुसैनी चौराहा, सदर भट्टी, धाकरान चौराहा होते हुए प्रजापति देवी मंदिर पर विश्राम लेगी।

# खनन माफिया की बल्ले-बल्ले, पुलिस तंत्र की हुई आंखें बन्द



**कागारौल।** शासन और प्रशासन की लाख सख्ती के बावजूद खनन का कारोबार फलता फूलता जा रहा है। हाल ही में रात के अंधेरे में ट्रैक्टरों से पत्थरों की ढुलाई का वीडियो सामने आया है। जो कागारौल का बताया जा रहा है। वीडियो में ट्रैक्टरों से पत्थरों की ढुलाई का कार्य फर्राटे से होता दिखाई दे रहा है। ट्रैक्टरों से खनन की ढुलाई के वीडियो के बात करें तो थाना कागारौल आगरा में रात 12 बजे से सुबह 6 बजे तक रोजाना सैकड़ों की संख्या में कृषि कार्यों के लिए खरीदे गए ट्रैक्टरों के माध्यम से अवैध रूप से पत्थर की ढुलाई के लिए खरीदे गए ट्रैक्टरों के माध्यम से अवैध रूप से पत्थर की ढुलाई हो रही है। सभी ट्रैक्टर काफी ओवरलोड होते हैं गौरतलब है कि सभी खनन में लिप्त ट्रैक्टर पुलिस की नाक के नीचे से होते हुए गुजरते हैं। फिर भी आगरा कमिशनरेट की हाईटेक पुलिस फेल नजर आ रही है या फिर यूँ कह लें कि पुलिस की मिलीभगत के चलते ही खनन को खुलेआम करवाया जा रहा है। और शासन प्रशासन की खुलकर धज्जियां उड़वाई जा रही है।

# एफआरसीटी परिवार की पहली बैठक हुई आयोजित

**किरावली।** आगरा जयपुर हाइवे पर कौरई टोल प्लाजा पर स्थित फास्ट रिलीफ चैरीटेविल (एफआरसीटी) की पहली बैठक आनंद इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट पर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मां सरस्वती को दीप प्रज्ज्वलित कर हवन पूजन कर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह कार्यवाह रामवीर सिंह फौजदार ने की। मुख्य अतिथि के रूप में सेवा निवृत्त शिक्षक समुद्र सिंह डागुर उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप प्रमेन्द्र फौजदार कार्यक्रम के दौरान एफआरसीटी के गठन का उद्देश्य, इसकी कार्यशैली, पारदर्शिता, नियमावली के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। एफआरसीटी से अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित कराने के लिए कहा। कार्यक्रम के दौरान नवीन जिला इकाई के रूप में हरिभान सिंह इंदौलिया को जिलाध्यक्ष, गुड्डू कुमार शाक्य को जिला प्रवक्ता, रमन शर्मा को जिला संगठन मंत्री, विकास शर्मा को जिला संयुक्त मंत्री व अनिल कुमार को जिला आई टी सेल प्रभारी के रूप में प्राप्त हुई जिम्मेदारी से सभी आगंतुक अतिथियों को अवगत कराया। कार्यक्रम में सभी नवचयनित जिला पदाधिकारियों व सभी आगंतुक अतिथियों का सम्मान व अभिनंदन प्रांतीय कोर टीम के सदस्य रामकुमार चाहर के द्वारा किया गया।कार्यक्रम के समापन की घोषणा अध्यक्षीय भाषण के साथ की गई। सभी ने मिलकर एकसाथ अल्पाहार भी ग्रहण किया और आत्मीयता के साथ कार्यक्रम को सम्पन्न किया।


**विशेष रेलगाड़ियों का संचालन एवं फेरों में वृद्धि**

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों के संचालन एवं फेरों में वृद्धि का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

**गाड़ी सं. 01919/01920 आगरा कैंट - असारवा विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी संख्या - 01919 आगरा कैंट - असारवा | | | गाड़ी संख्या - 01920 असावरा - आगरा कैंट | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ..... | 23:00 | आगरा कैंट | 10:20 | ..... |
| 23:40 | 23:42 | फतेहपुर सीकरी | 08:30 | 08:32 |
| 01:48 | 01:50 | बयाना | 07:48 | 07:50 |
| 02:50 | 02:55 | गंगापुर सिटी | 06:10 | 06:15 |
| 03:35 | 03:37 | सवाई माधोपुर | 05:18 | 05:20 |
| 04:48 | 04:50 | केशोराय पाटन | 03:58 | 04:00 |
| 05:53 | 05:55 | बून्दी | 03:15 | 03:17 |
| 06:38 | 06:40 | माण्डल गढ़ | 02:18 | 02:20 |
| 07:50 | 07:55 | चन्देरिया | 01:33 | 01:35 |
| 09:10 | 09:12 | मावली | 23:53 | 23:55 |
| 10:20 | 10:30 | उदयपुर सिटी | 22:40 | 22:50 |
| 11:10 | 11:12 | जावर | 21:50 | 21:52 |
| 12:30 | 12:35 | डूँगरपुर | 20:45 | 20:50 |
| 15:05 | 15:10 | हिंमतनगर | 19:30 | 19:32 |
| 16:35 | ..... | असारवा | ..... | 18:00 |

• **आगरा कैंट से** गाड़ी संख्या 01919, प्रतिदिन, **दिनांक :** 01.04.2025 से 30.06.2025 तक • **असारवा से** गाड़ी संख्या 01920, प्रतिदिन, **दिनांक :** 02.04.2025 से 01.07.2025 तक

**गाड़ी संरचना :** सामान्य श्रेणी : 08, स्लीपर श्रेणी : 10, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी : 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी : 03

**गाड़ी सं. 04191/04192 मथुरा - गंगापुर सिटी विशेष रेलगाड़ी**

| गाड़ी संख्या - 04191 मथुरा - गंगापुर सिटी | | | गाड़ी संख्या - 04192 गंगापुर सिटी - मथुरा | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ..... | 16:15 | मथुरा | 07:00 | ..... |
| 16:40 | 16:42 | गोवर्धन | 05:55 | 05:57 |
| 16:58 | 17:00 | डीग | 05:40 | 05:42 |
| 17:23 | 17:25 | बृज नगर | 05:13 | 05:15 |
| 17:43 | 17:45 | गोविन्दगढ़ | 04:58 | 05:00 |
| 18:03 | 18:05 | रामगढ़ | 04:38 | 04:40 |
| 18:50 | 18:52 | अलवर | 04:08 | 04:10 |
| 19:20 | 19:22 | राजगढ़ | 02:48 | 02:50 |
| 19:43 | 19:45 | बाँदीकुई | 02:26 | 02:28 |
| 20:12 | 20:14 | दौसा | 02:00 | 02:02 |
| 20:42 | 20:44 | नंगल राजावतन | 01:25 | 01:27 |
| 21:12 | 21:14 | लालसोट | 00:54 | 00:56 |
| 21:33 | 21:35 | मंडावरी | 00:32 | 00:34 |
| 21:53 | 21:55 | पिपलाई | 00:12 | 00:14 |
| 22:04 | 22:06 | बामनवास | 00:01 | 00:03 |
| 22:55 | ..... | गंगापुर सिटी | ..... | 23:25 |

• **मथुरा से** गाड़ी संख्या 04191, प्रतिदिन, **दिनांक :** 01.04.2025 से 30.06.2025 तक • **गंगापुर सिटी से** गाड़ी संख्या 04192, प्रतिदिन, **दिनांक :** 01.04.2025 से 30.06.2025 तक

**गाड़ी संरचना :** सामान्य श्रेणी : 06, स्लीपर श्रेणी : 03, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी : 01

**गाड़ी सं. 05062/05061 टनकपुर-मथुरा विशेष रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरों का संचालन**

| गाड़ी संख्या - 05062 टनकपुर - मथुरा | | | गाड़ी संख्या - 05061 मथुरा - टनकपुर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| ..... | 04:45 | टनकपुर | 23:10 | ..... |
| 11:06 | ..... | मथुरा कैंट | ..... | 16:55 |

• **टनकपुर से** गाड़ी संख्या 05062, प्रति बुधवार व रविवार छोड़कर, **दिनांक :** 01.04.2025 से 30.06.2025 तक • **मथुरा कैंट से** गाड़ी संख्या 05061, प्रति बुधवार एवं रविवार छोड़कर, **दिनांक :** 01.04.2025 से 30.06.2025 तक

**नोट : उपरोक्त विशेष रेलगाड़ी का संचालन मथुरा जं. से मथुरा कैंट के मध्य निरस्त रहेगा।**

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाईन 139 या Rail Madad Mobile App या वेबसाइट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

**उत्तर मध्य रेलवे**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 585/25(AS)


# संचारी रोग नियंत्रण अभियान का आज से हुआ शुभारंभ

## विधायक श्री पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने आगरा कॉलेज ग्राउंड से जनजागरुकता रैली को दिखाई हरी झंडी, इस अभियान का उद्देश्य लोगों को वेक्टर जनित बीमारियों, साफ-सफाई और जलभराव से बचाव का संदेश देना है।



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान का आज से जनपद में शुभारंभ हो गया। जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान का शुभारंभ मा. विधायक श्री पुरुषोत्तम खंडेलवाल जी ने फीता काट कर व हरी झंडी दिखाकर आगरा कॉलेज से जन जागरूकता रैली को रवाना किया गया, रैली का समापन महिला जिला अस्पताल प्रांगण में हुआ। जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। साथ ही दस्तक अभियान भी शुरु होगा। आशाएं घर-घर जाकर संक्रमित मरीजों के बारे में जानकारी लेंगी। अभियान का शुभारंभ करते हुए मा.विधायक उत्तर श्री खंडेलवाल जी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य संचारी रोगों पर नियंत्रण पाने के लिए लोगों को जागरूक करना हैं। आमजनों में जागरूकता के चलते ही संक्रमक रोगों में काफी गिरावट देखने को मिली हैं। जिला मलेरिया अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि अभियान में जिला स्तर से ब्लॉक स्तर तक प्रत्येक वार्ड, गांव गांव, घर घर, आशा व आंगनवाड़ी संचारी रोगों के बारे में लोगों को जागरूक करेंगी। साथ ही संचारी रोगियों से बचाव के लिए हॉर्डिंग, बैनर, पैम्फलेट एवं माइकिंग आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाएगा। सीएमओ डॉ अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अभियान में संचारी रोगों व दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के साथ ही दस्तक अभियान के अर्न्तगत फ्रंटलाइन आशाओं द्वारा बुखार के रोगियों की सूची, क्षय रोग के लक्षित रोगियों की सूची, कुपोषित बच्चों की सूची, मच्छरों के प्रजनन वाले घरों की सूची बानाकर ई-कवच पोर्टल के माध्यम से ब्लॉक स्तर पर उपलब्ध कराएंगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुण श्रीवास्तव, एसीएमओ व संचारी रोग नियंत्रण अभियान के नोडल डॉ.सुरेन्द्र मोहन प्रजापति,जिला मलेरिया अधिकारी राजेश कुमार गुप्ता, डीपीएम कुलदीप भारद्वाज सहित स्वास्थ्य विभाग के कर्मी मौजूद रहे।

# दरगाह अबू उला पर सर्वधर्म समभाव के साथ आयोजित हुई नमाज ईद उल फितर, राष्ट्र की प्रगति और अमन-चैन की दुआ की





सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** मस्जिद दरगाह हज़रत सैय्यदना शाह अमीर अबुल उला रह. में नमाज ईद उल फित्र भारी संख्या में नमाज़ियों द्वारा सर्वधर्म समभाव की भावना के साथ अदा की गई, सभी के लिए दुआ ए ख़ैर और मुल्क में अमन चैन, तरक्की की दुआऐं की गई, हज़रत सैय्यदना के आस्ताने पर चादर पोशी गुल पोशी की गई, हज़रत किबला सैय्यद मोहतशिम अली अबुल उलाई, सज्जादानशीन और मुतवल्ली, नायब सज्जादगान सैय्यद ईशाअत अली अबुल उलाई और सैय्यद कैफ अली अबुल उलाई, आगरा के कई गणमान्य व्यक्ति, सूफी हज़रात व बड़ी तादाद में नमाजियों ने इस मौके पर नमाज़ अदा की।

सज्जादानशीन हज़रत किबला सैय्यद मोहतशिम अली ने सब को ईद उल फित्र की मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे और मुल्क की तरक्की के लिए साथ में कंधे से कंधा मिलाकर काम करने और चलने की अपील की साथ ही नगर निगम, शासन और प्रशासन का सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से चलाने के लिए आभार व शुक्रिया अदा किया।

# जेब पर भारी स्कूलों की मनमानी, कॉपी किताबों के दाम छू रहे आसमान, पेरेंट्स नहीं समझ पा रहे पढ़ाएं या नहीं



सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** स्कूलों का नया सत्र शुरू होने से पहले ही अभिभावकों का बजट गड़बड़ाने लगा। नए सत्र में कॉपी किताबों के दाम आसमान छू रही हैं। 15 स्टेशनरी के 15 से 20 प्रतिशत तक महंगी है। वर्तमान सत्र ने खत्म होने से पहले ही अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है। जनपद के कई स्कूलों में 25 मार्च से नए सत्र की शुरुआत हो चुकी है। उससे पहले ही अभिभावकों का बजट गड़बड़ाने लगा है। नए सत्र में कॉपी किताबों के दाम आसमान छूने लगे है। इसके साथ ही 15 स्टेशनरी के 15 से 20 प्रतिशत तक महंगे हो जाने से अभिभावक परेशान है। उनका कहना है कि इस महंगाई में बच्चों को अब पढ़ाना काफी मुश्किल हो रहा है। समझ नहीं आ रहा पढायें या घर पर ही बैठा लें स्कूलों की मार अब उनसे झेली नहीं जा रही है। स्कूलों की ओर से वेंडर के नाम बता दिए गए है। वहां से कॉपी किताब लेने पर 25 से 30 प्रतिशत अतिरिक्त बोझ बढ़ रहा है। कॉपी-किताबों के बाद स्टेशनरी के सामान जैसे पेंसिल, रबर, कलर, स्कूल बैग, स्कैच पैन, पेंसिल बॉक्स तक के लिए अभिभावकों को गत वर्ष के मुकाबले अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। 10 से 20 रुपये के सामान की कीमत में पांच से दस फीसदी की वृद्धि हुई है। स्केच पैन, कलर बॉक्स जो पिछले वर्ष 60 से 80 रुपये में मिला करते थे, अब उनकी कीमत 80 से 110 रुपये हो गई है। जो स्कूल बैग 800 रुपये का था। अब उसी के लिए 1300 से 1500 रुपये चुकाने पड़ रहे हैं। इसके अलावा पैन पेंसिल के बॉक्स में भी 10 से 20 रुपये की बढ़ोतरी हो गई है। ऐसे में पूरी कमाई इस नए सत्र की शुरुआत में ही खत्म होने वाली है। अभिभावकों का कहना है कि कॉपी-किताब और यूनिफॉर्म महंगी हो गई हैं, तो वहीं इससे जुड़े व्यापारियों का कहना है कि जब माल ऊपर से ही महंगा आएगा, तो हमें भी महंगा ही बेचना होगा। अल्फा एक में कॉपी किताब बेचने वालों में बताया कि पिछले कुछ सालों की तुलना में इस साल किताब और कॉपियों के मूल्यों में वृद्धि हुई है। जो कॉपी पहले 30 रुपये की आती थी, वह अब 40 रुपये की हो गई है और इसी के साथ ही कई कॉपियों के पेज भी कम कर दिए गए हैं। कागज के दाम बढ़ाए गए हैं, तो इससे पूरे ही कारोबार पर असर पड़ रहा है। नए सत्र की शुरुआत हो चुकी है। उससे पहले ही कॉपी किताब को खरीदने का आदेश स्कूल से आ गया है। उनके वेंडर से ही किताबें खरीदनी हैं। 20 से 35 प्रतिशत तक कॉपी किताब के दाम बढ़ गए है। समझ नहीं आ रहा है कि बच्चों को कैसे अब पढ़ाया जाए।

# भाजपा जिला अध्यक्ष का समूचे तहसील क्षेत्र में हुआ अभूतपूर्व स्वागत बालाजी का लिया आशीर्वाद

**किरावली ।** भाजपा के नव मनोनीत जिला अध्यक्ष प्रशांत पौनिया ने मंगलवार देर शाम गांव सामरा में प्राचीन काल वाले हनुमान मंदिर की चौखट पर माथा टेका। विधि विधान से पूजा अर्चना करके आशीर्वाद लिया है। मार्ग में प्रशांत पौनिया का जगह-जगह जोशीला स्वागत किया गया है। किरावली अम्बेडकर पार्क में पहुंच कर अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया जिसके बाद अनेक वर्मा, पिंकी सरपंच मण्डल अध्यक्ष, भूपसिंह इन्दौलिया,हरी सूबेदार, गुड्डू उर्फ संतोष बन्टू इन्दौलिया, आदि माला स्वाफा बांधकर स्वागत किया अमरपाल मुखिया ने अपने निवासी पर स्वागत किया,अश्विनी चौधरी,छोटू इन्दौलिया, देवेन्द्र पहलवान के मकान पर माला पहनाकर साफा बाधा,डोरीलाल मास्टर,जुगेपहलवान ने माला स्वाफा बांधकर गदा भेंट की। जिलाध्यक्ष ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया ।प्रवीना सिंह चैयरमेन अभिजीत इन्दौलिया,आर के इन्दौलिया ने संयुक्त रूप माला स्वाफा बांधकर गदा भेंट की, विनोद चैयरमैन, बहादुर सुरेश, पवन इन्दौलिया योगेश बन्टी ने माला स्वाफा बांधकर गदा भेंट की।घन्सूसरपंच जनक सिंह इन्दौलिया, चांदी मुकट और तलवार भेंट की।राहुल चौधरी, सन्तोष उर्फ गुड्डू 51 मीटर साफा बांधकर तलवार भेंट की । जिलाध्यक्ष ने चौधरी चरणसिंह की मूर्ति पर माल्यार्पण किया जहां पर मण्डल अध्यक्ष की टीम ने 51 किलो माला स्वागत किया। जीतेन्द्र वर्मा, सतीश महेश सेठ चांदी का मुकुट भेंट किया। छोटू खंडेलवाल सुखवीर पहलवान ,लक्ष्मन श्यामवीर 21 माला और चांदी की मुकुट।हीरो होंडा राजा एजेंसी पर विद्यापुर शिवराज प्रधान, हरिओम पूर्व बाकन्दा , प्रधान होटल बन्टी प्रधान पृथ्वी पुरा चेतन चाहर जिलापंचायत सदस्य अभिषेक पहलवान प्रधान, आदि ने जोशीला स्वागत किया सभी भाजपा कार्यकर्ता उनके साथ सामरा वाले हनुमान मन्दिर तक साथ रहे।



# अटेवा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार यूटा, प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन




सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा), आगरा ने आज ऑल टीचर्स/इम्प्लॉई वेलफेयर एसोसिएशन (अटेवा) के साथ मिलकर ÷काला दिवस÷ कार्यक्रम में भाग लिया। यह कार्यक्रम एनपीएस/यूपीएस के विरोध में आयोजित किया गया था। यूटा के जिला महामंत्री देवेन्द्र कुमार कुशवाह ने बताया कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षक/कर्मचारियों ने अपने-अपने कार्यस्थल पर बाहों में काली पट्टी बांधकर कार्य किया और अपरान्ह 3-30 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में माननीय प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय को सौंपा गया। यूटा ने इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अपने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को निर्देश दिया था। यूटा पूरी तरह से इस बात से सहमत है कि पुरानी पेंशन योजना की बहाली शिक्षकों, कर्मचारियों और अधिकारियों के हित में एक अत्यंत महत्वपूर्ण और गंभीर मुद्दा है। यूटा ने अटेवा के इस संघर्ष में पूर्ण समर्थन और सहयोग की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। यूटा इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर एकजुटता प्रदर्शित करने और इस आंदोलन को सफल बनाने के लिए अटेवा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने को तैयार है। इस अवसर पर यूटा के जिला अध्यक्ष राज कुमार सोलंकी, जिला महामंत्री देवेन्द्र कुमार कुशवाह, जिला प्रवक्ता दुर्गेश लवानियां, जिला कोषाध्यक्ष अजीत सिंह, अटेवा जिला संयोजक जुग्गीलाल वर्मा, जिला महामंत्री लेखराज कुशवाह, प्रदेश उपाध्यक्ष आशाराम यादव, चमन रस्तोगी, प्रमोद कुमार यादव, प्रेम किशोर प्रेमी, भूपेंद्र सिंह सहित अनेक शिक्षक/कर्मचारी, पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

# बीआरसी सुखपालनगर में स्कूल चलो अभियान की रैली का किया गया शुभारंभ



सांध्य पहल संवाददाता

**प्रतापगढ़।** बी0आर0सी0 सुखपालनगर में स्कूल चलो अभियान की रैली का शुभारंभ विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल व जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। आज स्कूल चलो अभियान के शुभारंभ के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा जनपद बरेली से स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग नियंत्रण अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया जिसे उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व छात्र-छात्राओं ने आत्मसात किया। बच्चों द्वारा स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई। इस दौरान अतिथियों द्वारा स्पेस लैब का निरीक्षण किया गया, जिलाधिकारी ने कहा कि इसी तरह सभी ब्लाकों में स्पेस लैब की स्थापना की जाये और बच्चों का विजिट कराया जाये। इस दौरान विधायक सदर ने फीता काटकर पीएम श्री विद्यालय सुखपालनगर के डिजिटल लैब और स्मार्ट क्लास का उद्घाटन किया। पीएम श्री सुखपाल नगर विद्यालय के बच्चों को निशुल्क पाठ्यपुस्तक कॉपी पेन अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर विधायक सदर ने कहा कि मै भी प्राथमिक विद्यालय में पढ़ा हू, हमारे समय में सुविधाओं का अभाव था आज सभी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध है, जनपद के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चे विभिन्न परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं यह जनपद के लिए गौरव का विषय है। वर्तमान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के अथक प्रयासों से प्राथमिक शिक्षा जनपद में नित नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। उन्होने सभी शिक्षकगणों से कहा कि आप लोग अपने-अपने विद्यालयों में बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा और संस्कार दें और बच्चों को मेहनत से पढ़ायें। शिक्षा से हम अपने सपनों को साकार कर सकते हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं इसलिए हम शिक्षकों की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वह अधिक से अधिक विद्यालयों में नामांकन करा कर शिक्षा के गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें। प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को यदि अच्छी शिक्षा दी जाये तो उन्हें आईएएस बनने से कोई भी रोक नही सकता है। उन्होने अध्यापकों से कहा कि बच्चों का दाखिला ज्यादा से ज्यादा प्राइमरी स्कूलों में कराने के लिये ग्राम प्रधान, बीडीसी व अभिभावक से सम्पर्क करें। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने अध्यापकों से कहा कि यह पूर्व जन्म के अच्छे कर्मो का प्रतिफल है कि इस जन्म में आप सब गुरु बने हैं तो आपकी जिम्मेदारी भी बढ़ जाती है कि बच्चों को अच्छे शिक्षा प्रदान करें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में सेवा, सुरक्षा और सुशासन के साथ-साथ विभिन्न विभागीय कार्यक्रमों और लोक कल्याणकारी नीतियों के माध्यम से आम जानमानस को लाभ प्राप्त हो रहा है और धरातल स्तर पर किस पारदर्शिता के साथ इसका क्रियान्वयन हो रहा है इसके हम सभी साक्षी है। हमारा देश प्राचीन काल से ही एक ज्ञान आधारित समाज रहा है। किसी भी सभ्य समाज की संरचना में शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते है और इनमे सबसे महत्वपूर्ण शिक्षा है। शिक्षा ही एक सभ्य और सुसंस्कृत समाज की रचना करती है। शिक्षा हमें मुक्ति की तरफ ले जाती है। शिक्षा हमें अच्छा व संस्कारवान नागरिक तथा समाजसेवी बनाती है। शिक्षा के माध्यम से हम अपना सर्वांगीण विकास कर सकते है और अपने समाज और राष्ट को आगे बढ़ा सकते है। जिलाधिकारी ने बताया कि जब मैं जनपद बरेली का सीडीओ था तो एक शिक्षिका हमारे पास आई और उन्होंने कहा कि सर आप हमें किसी दिन 15 मिनट का समय देना चाहे कुछ हमारे लक्ष्य हैं जिस पर आपसे चर्चा करना चाहते हैं जिस पर मैंने कहा कि अभी आपको हम 15 मिनट समय देते हैं आपका लक्ष्य क्या है आप हमें बताइए उस शिक्षिका ने कहा कि सर हमारा लक्ष्य है कि 2 साल हम ऐसी शिक्षा प्रदान करेंगे कि अपने आसपास जो भी प्राइवेट स्कूल संचालित है वह सभी बंद हो जाएंगे आप हमें अनुमति प्रदान करें और उस शिक्षिका के अथक प्रयास से 2 साल के अंदर उसके पास पड़ोस जो भी प्राइवेट विद्यालय थे सभी बंद हो गए सभी बच्चे प्राथमिक विद्यालय में आकर अपना नामांकन करा लिए। उन्होने अध्यापकों से कहा कि ऐसा ही लक्ष्य आप लोग भी निर्धारित करके शिक्षण कार्य करें जिससे जनपद प्रतापगढ़ जो अभी मंडल में टॉप कर रहा है वह प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर सके।

इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने सभी आये हुये अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रमुख रूप से सभी खंड शिक्षा अधिकारी, डीसी प्रशिक्षण योगेंद्र सिंह, डीसी निर्माण प्रदीप यादव सहित आबिद, रामकुमार सिंह, सुशील सिंह, मंजू सिंह, धर्मेंद्र ओझा आदि उपस्थित रहे।

# जयपुर हाईवे पर हादसा, भूसा ले जा रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से टकराई इलेक्ट्रिक बस; एक की मौत कई घायल

## टक्कर लगते ही बस में बैठी सवारियों में मची चीख पुकार बस की खिड़की तोड़कर बाहर निकलीं सवारियां

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** फतेहपुर सीकरी आगरा-जयपुर हाईवे पर मंगलवार सुबह करीब चार बजे एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक यात्री से भरी इलेक्ट्रॉनिक बस ने भूसे से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रैक्टर पर बैठे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटना स्थल पर हड़कंप मच गया और स्थानीय ग्रामीणों ने राहत और बचाव कार्य शुरू किया बस में सवार कई सवारियां और बस चालक घायल हो गया। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। करौली निवासी राधा रमन पुत्र हर स्वरूप इलेक्ट्रिक बस को जयपुर से आगरा लेकर जा रहे थे। सुबह 4ः00 बजे हाईवे पर तेरा मोरी बांध के निकट आगे जा रहे भूसा भर ट्रैक्टर में टक्कर मार दी, जिसके चलते ट्रैक्टर और बस दोनों पलट गईं। बस में सवार सवारी में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीण एवं पुलिस द्वारा जेसीबी मंगा कर बस एवं ट्रैक्टर को सीधा किया गया। मंगलवार सुबह 4.00 बजे लगभग ग्राम पंचायत सोनीथी से वकील पुत्र करतार सिंह, देवेश पुत्र खड़क सिंह, गुड्डू पुत्र सोनू निवासी नजीरपुरा फतेहपुर सीकरी भूसा लेकर गांव नजीरपुरा आ रहे थे। तेरा मोरी के समीप राजा सूरजमल राजकीय उद्यान के निकट जयपुर की ओर से आ रही इलेक्ट्रॉनिक बस ने ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर मार दी। बस आगरा की ओर जा रही थी। बताया जाता है कि बस चालक को नींद की झपकी लगने पर यह हादसा हो गया। घटना की सूचना जैसे ही स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों को मिली, वे तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने बिना समय गंवाए बस के शीशे तोड़कर अंदर फंसे हुए यात्रियों को बाहर निकाला और उन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा। स्थानीय पुलिस को भी घटना की सूचना दी गई, जो त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंच गई। दुर्घटना में ट्रैक्टर पर बैठे युवक मौत का शिकार हुआ युवक (18) वर्षीय वकील पुत्र करतार सिंह, निवासी गांव सोनोती, की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, ट्रैक्टर पर सवार दो अन्य युवक देवेश (पुत्र खड़क सिंह) और गुड्डू (पुत्र सोनू) को गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर सीकरी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद आगरा रेफर कर दिया गया। वहीं ट्रैक्टर चालक के शव को पोस्टमार्टम के लिए आगरा भेजा गया है। बता दें दुर्घटना इतनी भयंकर थी कि ट्रैक्टर के कई टुकड़े हो गए।

**हादसे के बाद हाईवे पर लगा जाम**

इस भयंकर दुर्घटना के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया था। पुलिस और राहत कार्यकर्ताओं ने हाइड्रा की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाया, ताकि सड़क पर यातायात फिर से शुरू हो सके। पुलिस की टीम के प्रभारी निरीक्षक फतेहपुर सीकरी धर्मेंद्र दहिया, निरीक्षक अपराध अरविंद सिंह तोमर, और कस्बा इंचार्ज उप निरीक्षक गौरव राठी मौके पर मौजूद रहे और घटना की जांच शुरू की और यातायात सुचारू कराया गया।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आपरेशन कायाकल्प के माध्यम से बच्चों को सुविधाएं प्रदान कर रही योगी सरकार : विधायक खण्डेलवाल

**आज से जनपद में स्कूल चलो अभियान का, कंपोजिट स्कूल न्यू आगरा से हुआ शुभारंभ, घर घर बच्चों के नामांकन को शिक्षा विभाग चलाएगा सघन संपर्क अभियान, कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को माला पहनाकर, रोली टीके से स्कूल में किया स्वागत, बैग, पुस्तकें आदि की प्रदान, जन जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने बरेली से स्कूल चलो अभियान का किया शुभारंभ, कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण, शैक्षिक सत्र 2025-26 हेतु प्रथम चरण 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 तक तथा द्वितीय चरण 01 जुलाई 2025 से 15 जुलाई 2025 तक किया जाएगा आयोजित, कार्यक्रम में मा. विधायक श्री पुरुषोत्तम खंडेलवाल जी, चौधरी बाबूलाल जी, श्री छोटेलाल वर्मा जी, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ मंजू भदौरिया जी, विधान परिषद सदस्य श्री विजय शिवहरे जी, जिलाधिकारी श्री अरविंद मल्लप्पा बंगारी जी, सीडीओ श्रीमती प्रतिभा सिंह रहीं मौजूद**

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** जनपद में स्कूल चलो अभियान का, शुभारंभ कंपोजिट स्कूल न्यू आगरा में मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर हुआ। मा.जनप्रतिनिधियों द्वारा बच्चों को माला पहनाकर तथा रोली टीके से स्कूल में किया स्वागत किया गया, विभिन्न कक्षाओं के बच्चों को बैग, पुस्तकें आदि भी प्रदान की गई, तथा एक जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में मा.मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के बरेली से सजीव प्रसारण कार्यक्रम को अभिभावक, बच्चों तथा मौजूद लोगों द्वारा देखा व सुना गया। शैक्षिक सत्र 2025-26 हेतु स्कूल चलो अभियान का प्रथम चरण 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2025 तक तथा द्वितीय चरण 01 जुलाई 2025 से 15 जुलाई 2025 तक चलाया जाएगा जिसमें शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा घर घर बच्चों के नामांकन किया जाएगा। मा. विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने अपने संबोधन में नव दुर्गा तथा नव वर्ष की बधाई देते हुए कहा कि योगी जी के कुशल नेतृत्व में सरकार बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने तथा ऑपरेशन काया कल्प के माध्यम से बच्चों को सुविधाएं प्रदान कर रही है, स्कूल भवन, टॉयलेट, खेलकूद का सामान, बैग, निःशुल्क किताब तथा भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है, इससे सरकारी स्कूलों का कायाकल्प हुआ है। पुरानी सरकारों के समय की वीरानी टूटी है। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे सिर्फ अध्यापक न रहें वे बच्चों के गुरु हैं उनके समग्र विकास पर ध्यान दें, अभिभावक भी अपनी जिम्मेदारी समझें बच्चों को स्कूल भेजें।




जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ मंजू भदौरिया जी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक का स्थान बहुत महत्वपूर्ण है यही बच्चे आगे शिक्षित होकर देश के विकास में भूमिका निभाएंगे अतः राष्ट्र का निर्माण शिक्षकों के हाथ में है, उपस्थित अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा से गरीबी ही दूर नहीं होती बल्कि एक शसक्त नागरिक का भी निर्माण होता है। कार्यक्रम को मा. विधायक चौधरी बाबूलाल जी ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, गरीब माता पिता अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें, उन्होंने शिक्षकों को भी समय से स्कूल आने तथा पूर्ण मनोयोग से बच्चों को पढ़ाने का आह्वान किया। मा. विधान परिषद सदस्य श्री विजय शिवहरे जी ने कहा कि अभिभावक व शिक्षक दोनों एक दूसरे के पूरक हैं समन्वय से बच्चों के भविष्य निर्माण का कार्य करें।

विधायक श्री छोटेलाल वर्मा ने कहा कि सरकारी स्कूलों में कमजोर और गरीब वर्ग के बच्चे पढ़ते हैं हमारे शिक्षक अपना शतप्रतिशत योगदान दें, सरकारी स्कूलों के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है उन्हें कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों से आगे ले जाएं, जहां अशिक्षा होती है वहीं गरीबी भी होती है, अभिभावक भी बच्चों को नियमित स्कूल भेजें। जिलाधिकारी श्री अरविंद मल्लप्पा बंगारी जी ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2025-26 में अभिभावक व बच्चों को प्रेरित कर शतप्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति तथा शिक्षकों को कक्षा शिक्षण हेतु उपलब्ध कराई गई सामग्रियों का उपयोग कर बेहतर शैक्षिक वातावरण के सृजन हेतु व्यापक प्रचार प्रसार के साथ स्कूल चलो अभियान संचालित किया जाएगा आउट ऑफ स्कूल बच्चों को विद्यालय से जोड़ने छात्र नामांकन व उपस्थिति पर विशेष प्रयास होगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गोंड ने बताया कि अभियान में आउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिन्हांकन, मलिन बस्तियों, झुग्गी, अस्थाई आवास में निवासित बच्चों के अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों के नामांकन को प्रेरित प्रोत्साहित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रतिभा सिंह, एडी बेसिक ऐश्वर्य लक्ष्मी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार गोंड, नगर शिक्षा अधिकारी श्री सुमित कुमार, डीसी बालिका कुलदीप तिवारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी व अभिभावक मौजूद रहे।

# पत्नी को बेहोश कर गला रेता, हाथ की नस काटीः आगरा में 3 दिन लाश के साथ रहाः साली को फोन कर बोला- बॉडी जला देना

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** पति ने पत्नी की हत्या कर दी। इसके बाद तीन दिन तक शव के साथ घर में रहा। मंगलवार सुबह साली को काल की। कहा मैंने तुम्हारी बहन को मारा डाला है, लाश घर में पड़ी है। ले जाकर अंतिम संस्कार कर देना। मृतका की बड़ी बहन पुलिस को लेकर घर पहुंची। दरवाजा बाहर से बंद था। पति फरार था। पुलिस ताला तोड़कर अंदर पहुंची, तो महिला की लाश मिली। गला रेता गया था, घर में खून ही खून बिखरा था। आशंका है कि आरोपी ने पहले पत्नी को बेहोश किया, फिर उसकी गला रेत दिया। इसलिए आस पड़ोस में रहने वालों को भनक नहीं लगी। ये घटना नाई की मंडी के सुंदर पाड़ा की है।

**तीन साल पहले की थी लव मैरिज**

लोहामंडी राजनगर निवासी बड़ी बहन गीता ने बताया उसका मायका भोपाल में है। करीब 4 साल पहले मां बाप की मौत के बाद 26 साल की छोटी बहन शिवानी उर्फ पार्वती आगरा आ गई थी। इसी दौरान शिवानी को सुंदर पाड़ा निवासी शक्ति से प्यार हो गया। तीन साल पहले उसने शक्ति से लव मैरिज कर ली। फिर वो अपने पति के साथ रहने लगी थी। दो दिन से शिवानी को फोन कर रही थी। लेकिन फोन उठ नहीं रहा था। मंगलवार को सुबह जीजा शक्ति का फोन आया। बोले शिवानी को मार डाला है, उठा ले जाओ।

**शक्ति नशे का आदी था**

पुलिस ने मोहल्ले वालों से पूछताछ की, तो पता चला कि शक्ति नशे का आदी था। रोज शराब पीकर घर आता था। इस बात पर शिवानी की उसकी लड़ाई होती थी। शिवानी उसको शराब पीने से रोकती थी, तो मारपीट करता था। घर से लड़ाई की आवाज आती थी। वो शिवानी के चरित्र पर भी करता था। कहता था कि तुम किससे फोन पर बात करती हो। दो दिन से उन लोगों ने शिवानी को नहीं देखा था। शक्ति सिंह देर रात घर से बाहर जाता और कुछ देर में आ जाता था।

**पुलिस को कलाई कटी मिली**

सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली शेषमणि उपाध्याय ने बताया शिवानी का गला कटा था। कलाई पर काटे जाने के निशान थे। कमरे में बेड पर उसकी लाश पड़ी थी। जमीन पर खून फैला था। प्रथम दृश्यता, शक्ति ने पहले शिवानी को किसी तरह बेहोश किया है। इसके बाद गला रेता। क्योंकि जहां पर ये लोग रहते हैं। वहां आपस में सारे घर जुड़े हुए हैं। किसी को कोई आवाज सुनाई नहीं दी। बड़ी बहन गीता की तहरीर पर पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है।

# फ़र्जी अध्यापक बनकर 82 हजार रुपए किए फ्रांस, साइबर क्राइम पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए किए वापस

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा । फ़र्जी अध्यापक बनकर स्कूल फीस जमा करने के नाम पर आवेदक के खाते से यूपीआई के माध्यम से 82,000/का फ्रांस करने से सम्बन्धित मामले में साइबर क्राइम सेल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियोग पंजीकृत कर, पीड़ित की पूरी धनराशि (82,000/रूपये) करायी बरामद धनराशि पाकर पीड़ित ने खुश होकर आगरा पुलिस के कार्यों की सराहना करते हुए पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रसंशा की । 17.02.2025 को पीड़ित श्री दुर्गेश कुमार पुत्र श्री लीलाधर शर्मा निवासी न्यू कृष्णा कॉलोनी शांतिनगर नरायच थाना ट्रांसयमुना आगरा ने साइबर क्राइम सेल आगरा पर प्रार्थना पत्र देकर शिकायत दर्ज करायी कि दिनांक 14.02.2025 को उसके बच्चे के कालेज का फर्जी अध्यापक बनकर स्कूल फीस जमा करने के नाम पर आवेदक के खाते से यूपीआई के माध्यम से रें 82,000/का फ्राड कर लिया गया है। उक्त शिकायत पर साइबर क्राइम सेल पर दिनांक 17.02.2025 को शिकायत संख्या 355/2025 पंजीकृत किया गया साइबर क्राइम सेल पुलिस द्वारा




त्वरित कार्यवाही करते हुए वादी की 100 प्रतिशत धनराशि रें 82,000/की वापस करायी गयी। धनराशि पाकर पीड़ित ने खुश होकर आगरा पुलिस के कार्यों की सराहना करते हुए पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रसंशा की रूपये बरामद करने वाली पुलिस टीम1. प्रभारी, उ0नि0 श्री विमल कुमार, साइबर क्राइम सेल, कमिश्नरेट आगरा। 2. उ0नि0 श्री सुधीर कुमार, साइबर क्राइम सेल, कमिश्नरेट आगरा शामिल थे।

# पुलिस का कैफे पर छापाः आईपीएल पर सट्टा लगाने वाले 9 लोग पकड़े, लगा रहे थे लाखों का दांव






सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** आईपीएल सट्टेबाजी पर आगरा पुलिस की बड़ी कार्यवाही सर्विलांस/एसओजी टीम कमिश्नरेट आगरा व थाना जगदीशपुरा पुलिस टीम द्वारा की गयी संयुक्त कार्यवाही, क्लब स्क्वायर आठ कैफे में आईपीएल क्रिकेट मैच पर हार जीत की बाजी लगाकर सट्टा(जुआ) खेलने वाले नौ अभियुक्तों को किया गिरफ्तार। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि 31.03.2025 दिन सोमवार को थाना जगदीशपुरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत प्रताप नगर तिराहे पर चैकिंग/गस्त की जा रही थी, तभी मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि मानस नगर में सीटीवी चौराहे के पास क्लव स्क्वायर आठ कैफे का संचालक गौतम धाकड़ उर्फ रिकू अपने कैफे में कुछ लोगों के साथ आईपीएल क्रिकेट मैच में सट्टा लगवा रहा है। उक्त सूचना के आधार पर सहायक पुलिस आयुक्त, सदर विनायक भोसले व सहायक पुलिस आयुक्त, लोहामंडी मयंक तिवारी के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए सर्विलांस।एसओजी टीम कमिश्नरेट आगरा व थाना जगदीशपुरा पुलिस टीम द्वारा 09 अभियुक्तों को क्लब स्क?वायर 8 कैफे से छापा मार गिरफ्तार कर लिया गया।यहा पर दो सट्टे बाज चांदी कारोबारी और सट्टा लगाने वाले मिले पुलिस को देखकर आरोपी इधर उधर भागने लगे लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर सभी को दबोच लिया।

**कार सहित अन्य सामान बरामद**

अभियुक्तों के कब्जे से 1,62, लाख 430 रुपए , 10 मोबाइल विभिन्?न कम्पनियों के, 05 वाहन (04 दोपहिया व 01 चार पहिया वाहन), 03 हुक्का मय चिलम, 06 डिब्बे फ्लैवर(भिन्?न भिन्?न कम्पनियों के), 01 चारकोल का डिब्बा, मोमबत्ती का डिब्बा, 01 चिमटी व 01 माचिस बरामद हुयी । पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ थाना जगदीशपुरा पर मुकदमा संख्या 176/2025 धारा 112(2) 270 271 बीएनएस व धारा 3/4 सार्वजनिक जुआ अधिनियम में मामला दर्ज किया है।ये लोग मुंबई इंडियंस और केकेआर के मैच में ऑनलाइन सट्टा लगा रहे थे।कैफे को ही सट्टेबाजों ने अपना अड्डा बना रखा था फोन पर भी ग्राहक सट्टा लगा रहे थे।

**पकड़े गए सभी अभियुक्त थाना नाई की मंडी क्षेत्र के रहने वाले है।**

पुलिस टीम द्वारा पकड़े गए अभियुक्त में गौतम धाकड़ उर्फ रिंकू पुत्र महादेव धाकड़ निवासी सुभाष कालोनी थाना नाई की मण्डी व बबलू सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी सुभाष कालोनी थाना नाई की मण्डी आगरा। व डोरीलाल पुत्र सुरेश चन्द निवासी नगल डाकरान थाना नाई की मण्डी आगरा।व हरस्वरूप पुत्र प्रभूयाल निवासी नगला डाकरान थाना नाई की मण्डी आगरा। व विजेन्द्र सिंह पुत्र स्व श्री द्वारिकेय सिंह निवासी नगला डाकरान थाना नाई की मण्डी आगरा।व निखिल सिंह पुत्र दीनदयाल निवासी नगला डाकरान थाना नाई की मण्डी आगरा।व विजय सिंह पुत्र निहाल सिंह निवासी सुभाष कालोनी थाना नाई की मण्डी आगरा। व नितिन शर्मा पुत्र सुभाष चन्द्र निवासी नार्थ ईदगाह कालोनी थाना नाई की मण्डी आगरा। और राकेश शर्मा पुत्र राम प्रसाद शर्मा निवासी नार्थ ईदगाह कालोनी थाना नाई की मण्डी आगरा। बताया है।इन सभी पर पुलिस कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# अमृत सरोवरो व पोखरों में पूर्ण रूप से पानी भराना सुनिश्चित करें-डीएम



सांध्य पहल संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कैम्प कार्यालय के सभागार में पेयजल की समस्याओं के दृष्टिगत अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु की शुरूआत हो गयी है और जनपद का वाटर लेवल नीचे जा रहा है जिसको लेकर अधिकारियों निर्देशित करते हुये कहा कि जो भी हैण्डपम्प खराब हो गये है और जो भी रिबोर होने वाले है उन स्थानों को चिन्हित कर समस्त खण्ड विकास अधिकारी व ईओ अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को लगाकर 15 से 20 दिन में अभियान चलाकर जो भी हैण्डपम्प रिबोर योग्य है उन्हें रिबोर कराया जाये और जो भी हैण्डपम्प मरम्मत योग्य है उनकी मरम्मत करायी जाये और इन सभी की रिपोर्ट जिला विकास अधिकारी को उपलब्ध करायें। पेयजल के दृष्टिगत प्रधानों का भी सहयोग लिया जाये। शहरी क्षेत्रों में जितने भी हैण्डपम्प रिबोर होने की स्थिति में है उन्हें तत्काल संज्ञान में लेकर रिबोर कराया जाये। उन्होने कहा जनपद में जो भी अमृत सरोवर व पोखर है यदि उनमें पानी नही हैं तो विभिन्न जल श्रोतो जैसे नहर, सरकारी नलकूप, माइनर, प्राइवेट आदि के माध्यम से अमृत सरोवरों में पानी पूर्ण तरीके से भराना सुनिश्चित करें जिससे जनपद के पशु-पक्षियों को पानी की सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होने कहा कि जनपद में जो भी गौशालायें है उनमें हैण्डपम्प या नलकूप चालू स्थिति में रहे और गोवंशों को आसानी से पानी मिल सके इसके लिये जो भी पानी के माध्यम से उनमें पानी भरा रहे। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि यदि किसी भी दशा में प्यास की वजह किसी पशु की मृत्यु होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। सड़कों के किनारे जो भी गड्ढे है उसमें भी पानी भरवाने की कार्यवाही की जाये। जल निगम के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि जनपद में जो भी पेयजल योजनायें संचालित है उनकी प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध करायें। बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम ने बताया कि पानी की जांच हेतु लैब बनाया गया है जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जहां भी दूषित/खारे पानी की समस्या है वहां के दूषित पानी की टेस्टिंग कराकर रिपोर्ट उपलब्ध करायें। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से कहा है कि यदि पानी की जांच किसी को करानी हो तो जल निगम कार्यालय व दिग्विजय सिंह के मोबाइल नम्बर-9169048466 पर सम्पर्क कर सकते है। उन्होने कहा कि खण्ड विकास अधिकारियों व ईओ को निर्देशित किया कि किसी भी दशा में हीटवेव से मृत्यु न होने पाये इसका विशेष ध्यान रखा जाये, हीटवेव से बचाव हेतु लोगों को जागरूक किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बेटी के साथ छेड़छाड़ करने वाले को पिता लाया थानेः सेंट जोंस चौराहे का मामला, आरोपी खुद को बता रहा वकील

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** एक पिता ने बेटी के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी का विरोध किया। उसे पकड़कर थाने लेकर पहुंचे। पिता ने बताया कि उनकी बेटी डरी हुई है। उन्होंने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। आरोपी खुद को वकील बता रहा है। पुलिस सीमा विवाद में उलझी हुई है। घटना लगभग 12 बजे की है। बिचपुरी के रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि वो अपनी बेटी और बेटे के साथ अपनी साली के यहां मोती कटरा जा रहे थे। ऑटो से सेंट जोंस चौराहे पर उतरे। वहां रेड लाइट पर रुक कर सड़क क्रास करने का इंतजार कर रहे थे। इतने में एक युवक बेटी के पास आया। गंदी नजरों से देखने लगा। बेटी की पीठ पर हाथ लगाया। बोला जल्दी आगे बढ़ो। मैंने और बेटी ने नजरदांज कर दिया। कुछ देर बाद वह पीछे चला गया। रोड क्रास करने के बाद वह पीछे पीछे आने लगा। बताया कि मैं अपने बच्चों के साथ इमरजेंसी की तरफ बढ़ा। आरोपी ऑटो से पीछे पहुंचा। अभद्रता करने लगा। विरोध पर उसने मुझे लात मारकर सड़क पर गिरा दिया। फिर मैंने उसे पकड़ लिया तो वह खुद को वकील बताने लगा।

**सीमा विवाद में उलझी पुलिस**

पिता आरोपी को पकड़कर पहले इमरजेंसी पुलिस चौकी पहुंचे। जहां से एमएम गेट थाने भेज दिया गया। वहां से कहा गया कि यह हमारे यहां का मामला नहीं है। वहां से थाना हरीपर्वत भेज दिया गया। थाना हरीपर्वत में कहा गया कि यह दिल्ली गेट पुलिस चौकी का मामला है। फिलहाल पीड़ित थाने में इंतजार कर रहे है।

# डीएम एवं सीडीओ ने अटल आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने मंगलवार को अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं, शिक्षण व्यवस्था एवं छात्रों के रहन-सहन की गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने विद्यालय परिसर की स्वच्छता, कक्षाओं की स्थिति, पुस्तकालय, विज्ञान प्रयोगशाला, स्मार्ट क्लास, छात्रावास एवं भोजन व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को आवश्यक निर्देश के साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए सुझाव भी दिए। डीएम ने विद्यालय में हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों की सराहना की और कहा कि अटल आवासीय विद्यालय गरीब एवं वंचित वर्ग के मेधावी छात्रों के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को निर्देश दिया कि वे छात्रों की हरसंभव सहायता सुनिश्चित करें और समय-समय पर उनकी जरूरतों का आकलन करें।

डीएम ने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीडीओ ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनकी शिक्षा, खानपान और अन्य जरूरतों के बारे में जानकारी लेते हुए समस्याओं के बारे में भी जानकारी लेते हुए प्रधानाचार्य को समस्याएं दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि यहां पढ़ने वाले छात्र भविष्य में सफल नागरिक बन सकें।

# मुख्यमंत्री जी ने बरेली से स्कूल चलो अभियान का किया शुभारंभ

**अलीगढ़ ।** शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने और सभी बच्चों को स्कूल से जोड़ने के उद्देश्य से पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय एलमपुर में ''स्कूल चलो अभियान'' का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह, मा0 एमएलसी डॉ0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह, मा0 विधायकगण श्री अनिल पराशर, श्रीमती मुक्ता संजीव राजा, श्री राजकुमार सहयोगी, मा0 जिला महामंत्री श्री शिव नारायण शर्मा, चेयरमैन नगर पंचायत पिसावा श्री ललित कुमार, डीएम संजीव रंजन, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# चैत्र नवरात्रि में अष्टमी एवं राम नवमी के दिन राम मंदिरों, हनुमान मंदिरों, देवी मंदिरों, वाल्मीकि मंदिरों व शक्ति पीठों पर होंगें धार्मिक आयोजन

**अलीगढ़ ।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए विशेष अभियान मिशन शक्ति 5.0 चलाया जा रहा है। इसी क्रम में चैत्र नवरात्रि में मॉ दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि विधान से पूजा की जाती है और महिलाओं एवं बालिकाओं की सहभागिता के साथ अनेक संस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बालिकाओं एवं महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा लागू किये गये कानूनों का वृहद वृहद रूप से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि चैत्र नवरात्रि में अष्टमी एवं श्रीराम नवमी के अवसर पर जिले के राम मंदिरों, हनुमान मंदिरों, देवी मंदिरों, वाल्मीकि मंदिरों व शक्ति पीठों का चयन करते हुए मंदिरों में सामाजिक मूल्यों व राष्ट्रीय मूल्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार व जनसामान्य को इससे जोड़ते हुए अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चिन्हित मंदिरों एवं शक्तिपीठों पर जिला, तहसील एवं विकास खण्ड स्तरीय कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए समितियों का गठन कर दिया गया है।

## संपादकीय

### मोदी सरकार की ऐतिहासिक पहल


केंद्र सरकार ने एक महत्त्वपूर्ण फैसला के तहत एल्युमीनियम फॉयल सहित पांच चीनी वस्तुओं पर एंटी डंपिंग ड्यूटी लगाया है। बताया जा रहा है कि यह निर्णय घरेलू उद्योगों को चीन से सस्ते आयात के निगेटिव असर से बचाने के लिए की गई है। वाणिज्य मंत्रालय की जांच शाखा डीजीटीआर (व्यापार उपचार महानिदेशालय) की सिफारिश के आधार पर व्यापार कार्रवाई की गई है। डीजीटीआर डंपिंग और सब्सिडी जैसे मामलों की जांच करती है। दरअसल, एंटी-डंपिंग ड्यूटी आयातित वस्तुओं पर लगाए जाने वाले टैक्स हैं, जो उनके निर्यात मूल्य और उनके सामान्य मूल्य के बीच के अंतर की भरपाई के लिए लगाए जाते हैं, अगर डंपिंग के कारण आयात करने वाले देश में प्रतिस्पर्धी उत्पादों के उत्पादकों को नुकसान होता है। केंद्र सरकार के संज्ञान में यह बात लंबे अरसे से थी कि चीन भारत के घरेलू उद्योग को बर्बाद करने की साजिश में लगा हुआ है। आखिरकार सरकार को यह कदम उठाना पड़ा। स्वाभाविक तौर पर सरकार के इस फैसले से भारतीय उद्योगों को राहत मिलने की उम्मीद है। सरकार को भी यह भरोसा है कि ऐसी सख्ती से भारतीय उद्योगों को मदद मिलेगी। इससे वे चीन से आने वाले सस्ते आयात से मुकाबला कर पाएंगे। भारत ने पहले ही चीन सहित विभिन्न देशों से सस्ते आयात से निपटने के लिए कई उत्पादों पर डंपिंग रोधी शुल्क लगाया है। इन सब तथ्यों से इतना तो साफ होता है कि चीन की नीयत में खोट है। वह भारत से मिलने वाली तमाम रियायतों और सुविधाओं को दरकिनार कर उसी का नुकसान पहुंचाने की जुगत में लगी रहती है। हो सकता है इस कदम के बाद चीन इस बात की संवेदनशीलता को समझेगा। ऐसे भी भारत के बाजार पर चीन के सामानों की बहुतायत है। कोई भी त्योहार मसलन दीपावली हो या होली; चीन किफायती कीमत के उत्पाद भारत में भेजता है। उसके इस कदम से भारत में काम कर रहीं कंपनियों की सेहत पर काफी बुरा प्रभाव पड़ता है। निश्चित तौर पर केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के फैसले की सराहना की जानी चाहिए। घरेलू उद्योगों को जीवनदान देने के लिए यह एहतियाती कदम उठाना लाजिमी था। इस बात में कोई शक नहीं कि चीन सिर्फ अपना फायदा देखता है। उसके शब्दकोष में न तो संवेदना की जगह है और न नैतिकता की। इस नाते मोदी सरकार की यह पहल ऐतिहासिक मानी जाएगी।

## सर्व सौभाग्यदायिनी माँ विंध्यवासिनी

(रमाकांत पंत-विभूति फीचर्स)

माँ विंध्यवासिनी सर्व सौभाग्य को प्रदान करने वाली परम कल्याणकारी सौभाग्यस्वरुपा देवी के रुप में पूजनीय है इनकी आराधना का फल अतुलनीय माना गया है। माँ विंध्यवासिनी का अलौकिक दरबार परम जाग्रत शक्तिपीठों में से एक है। कहा जाता है कि मातेश्वरी विंध्यवासिनी के इस दरबार में जो भी श्रद्धालु श्रद्धा एवं भक्ति पूर्वक मां के दर्शन करता है,वह मां कल्याणी देवी विंध्यवासिनी की कृपा से परम कल्याण का भागी बन कर दुर्लभ मुक्ति को प्राप्त करता है। इस कलिकाल में इनकी आराधना हर एक के लिए अनिवार्य बताई गई है। साधक जनों का मानना है कि किसी भी साधना को शुरू करने से पूर्व यदि मां विंध्यवासिनी की आराधना भक्ति व उनका आशीर्वाद प्राप्त नहीं किया तो उसका पूर्णरूपेण फल प्राप्त नहीं होता है। यही कारण है कि किसी भी देवी व देवता की कृपा प्राप्त करने से पूर्व इनकी कृपा व आशीर्वाद प्राप्त करना सबसे महत्वपूर्ण माना गया है। शक्तिपीठों में शिरोमणि मां का यह दरबार ऊंचे स्थान पर लाल ध्वजा फहराता बड़ा ही मनोहारी व भव्य है। विंध्याचल में यह देवी तीनों रूपों में विराजमान है यहां देवी के तीन प्रमुख मंदिर हैं पहला विंध्यवासिनी जिन्हें भक्तजन कौशिकी देवी के नाम से भी पुकारते हैं, दूसरा मंदिर मातेश्वरी महाकाली और तीसरा अष्टभुजा मंदिर है अर्थात यहां देवी के तीन रूपों के दर्शन का सौभाग्य भक्तों को प्राप्त होता है।

अनेक पुराणों में विंध्य क्षेत्र का सुन्दर शब्दों में वर्णन किया गया है। देश के प्रमुख 108 शक्तिपीठों में इस पीठ की गणना होती है। जगत का कल्याण करने वाले भगवान विन्ध्येश्वर महादेव का मंदिर भी विंध्याचल क्षेत्र में ही है ।विंध्याचल की पहाड़ियों में कल कल धुन में नृत्य करती माँ गंगा के पवित्र पावन सानिध्य में यह स्थान जगत माता की ओर से भक्तजनों को अद्धितीय भेंट है। यहां का सौंदर्य बरबस ही आगंतुकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। त्रिकोण यंत्र पर स्थित विंध्याचल निवासिनी देवी की तीन रूपों महालक्ष्मी, महाकाली तथा महासरस्वती के रुप में पूजा होती है। त्रिकोण यात्रा के रूप में विंध्य पर्वत की यात्रा समस्त मनोरथ को पूर्ण करनेवाली यात्रा कहीं गई है। यहाँ पर स्थित विंध्यवासिनी माता मधु तथा कैटभ नामक महादैत्यों का नाश करने वाली देवी के रूप में भी पूजित है। कहा जाता है कि जो मनुष्य इस स्थान पर तपस्या करता है, उसे उसकी तपस्या का फल शीघ्र प्राप्त होता है। यही कारण है कि विभिन्न देवी-देवताओं के साधक, उपासक सबसे पहले माँ विंध्यवासिनी की ही साधना करते हैं। मां का यह दरबार आदि अनादि से रहित माना गया है। अर्थात इस क्षेत्र का अस्तित्व सदैव



जागृत रहता है। इनका स्मरण समस्त संकल्पों की सिद्धि का सुंदर स्वरूप प्रदान करने वाला कहा गया है। ब्रह्म जी इनकी शक्ति से ही सृष्टि उत्पन्न करते हैं, विष्णु जी पालन, और शंकर जी संहार। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है, कि यहां तीन किलोमीटर के दायरे में तीन प्रमुख देवियां विराजमान हैं। ऐसा माना जाता है कि तीनों देवियों के दर्शन किए बिना विंध्याचल की यात्रा अधूरी मानी जाती है। तीनों के केन्द्र में मां विंध्यवासिनी का वास है। गंगा नदी के पावन तट पर स्थित मां विंध्यवासिनी का दरबार पुरातन काल से परम पूजनीय है यह मंदिर बस्ती के मध्य एक ऊंचे सुनहरे स्थान पर है। मंदिर में मां भगवती सुन्दर स्वरूप में विराजमान है मन्दिर के पश्चिम भाग में एक सुनहरा आंगन है, जिसके समीप मां की एक सुंदर मूर्ति है। समीप ही दूसरे मंडप में खपरेश्वर महादेव विराजमान है।


यहीं दक्षिण दिशा में माता महाकाली की मूर्ति है, और उत्तर दिशा में धर्म ध्वजा देवी विराजमान है। विंध्याचल क्षेत्र में ही माता सीता के चरण चिन्ह के दर्शन होते है। यहाँ के काली खोह नामक स्थान पर माँ काली के परम भक्त भैरव बाबा का मन्दिर है। कुछ ही दूरी पर अष्टभुजा देवी के दर्शन होते हैं, खासतौर से अष्टभुजा देवी की पूजा भक्तजन माता सरस्वती के रूप में करते हैं। विंध्यवासिनी माता की महिमा अपरंपार है। कहा जाता है, द्वापर युग में जब देवकी और वासुदेव की कन्या को कंस ने पत्थर पर पटका तो यह देवी अदृश्य होकर आकाश में अष्टभुजा के रूप में प्रकट हुई तथा उसके बाद विंध्याचल पर्वत पर विराजमान होकर पूजित हुई। योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण की बहिन अर्थात् कृष्णानुजा कही जाने वाली इस देवी की कृपा जिस पर हो जाए वह सहज में ही योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण की कृपा का पात्र बन जाता है।

## शब्द सामर्थ्य -005

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**
1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**
1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 004 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ा |
| त | | | स्ब | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | र्दा | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

## कहानी

### अनुराग

(आर.सूर्य कुमारी -विभूति फीचर्स)



नैना आठ साल की थी । माता - पिता की चहेती थी । एक मिनट के लिए भी नैना को छोड़ना उनके लिए मुश्किल बन जाता था । नैना जो चाहती थी वही उसको मिल जाता था । क्या खिलौने क्या मिठाई , क्या कापी क्या किताब --- कुछ भी उसके लिए दुर्लभ न था । लेकिन एक दिन जब उसे पता चला कि उसके खेलने के लिए उसके माता-पिता एक नन्हा मेहमान लाने वाले हैं , तो उसका मन खुशी से खिल उठा , बिल्कुल कमल की भांति । वह इस बारे में रोज - रोज अपनी मां से पूछने लगी थी । एक आठ साल की बच्ची के सामने मानों जीने का सबसे बड़ा आधार उसके घर आने वाला उसका भाई या बहन ही था । उसने एक - एक कर ढेर सारे खिलौने व गुड़ियां खरीद लिए थे । बस अब वह अपनी कल्पना को साकार होते देखना चाहती थी । लेकिन विधि को कुछ और ही मंजूर था । बहुत ही कठिन स्थिति सामने आ गई । एक सुंदर सलोना नन्हा मुन्ना घर तो आया लेकिन वह नेत्रहीन था । कुछ देख नहीं पाता था । दुख भरे दिन आगे बढ़ने लगे । तमाम चिकित्सकों को दिखलाया गया , मगर सबने यही कहा कि बच्चा नेत्रहीन है । अभी कुछ भी ज्यादा बताना मुश्किल है ।

माता - पिता ने तो जैसे तैसे परिस्थितियों से समझौता कर लिया था , मगर नैना अपने को मना न पाती थी कि उसका भाई कभी देख न पाएगा । कारण यह था कि वह नितांत भावुक प्रकृति की थी । कोमल मन की थी , बहुत ज्यादा सकारात्मक सोचने वाली थी । माता - पिता ने जब बच्चे का नामकरण किया तो उसका नाम त्रिनेत्री पड़ा । नैना चाहती थी कि त्रिनेत्री का जीवन सुधर जाए और वह नेत्रहीन होकर भी एक अच्छी जिंदगी का मालिक बन जाए । एक दिन घुटने घुटने चलता त्रिनेत्री दरवाजे तक पहुंच गया और सीढियों से गिर गया, उसे सबने मिलकर उठाया और घर के अंदर ले आए । माता - पिता को बहुत दुख हुआ । आखिर कोई कब तक किसी को पकड़ कर रखेगा । फिर भी माता - पिता उसे अक्सर पलंग से बांध देते थे जिससे कि वह यहां - वहां न हो जाए । स्कूल से लौटकर नैना को पता चला कि त्रिनेत्री आज गिर गया । नैना को सुनकर बहुत दुख हुआ। उसने त्रिनेत्री को गोद में उठा लिया और उसके साथ खेलने लगी । वह पढ़ती थी तो भी त्रिनेत्री को पास में बैठाकर । पाठ पढ़ती थी तो भी आवाज निकाल कर । इससे त्रिनेत्री बचपन से ही पाठ - कविता सब कुछ मुंह जुबानी सीखने लगा था । माता - पिता ने त्रिनेत्री को अब नेत्रहीनों की पाठशाला में डालना सही समझ लिया ताकि उसके जीवन का बोझ कम हो जाए । इससे नैना भी सहमत हो गई । जिस दिन त्रिनेत्री को पाठशाला भेजा गया उस दिन नैना को ऐसा लगा कि मानों किसी ने उसके दिल को कुरेद दिया हो , उसे खींचकर लहुलुहान कर दिया हो । तकिए में सर छुपाकर इतनी रोई कि जीवन भर का रोना भी कम पड़ जाए ।

## सू- दोकू क्र.005

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.004 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## राशिफल

**मेष** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट-कचहरी के मामले कुछ समय के लिए रुक सकते हैं, लेकिन समय रहते सब ठीक होगा। आज आप जो भी व्यापार शुरू करेंगे, उसमें सफलता हासिल होगी। आज कार्यों में आपको किसी दोस्त का सहयोग मिलेगा। आप नया कारोबार करने की सोच रहे हैं तो किसी अनुभवी की सलाह जरूर लें। मां ब्रह्मचारिणी के सामने कपूर जलाए, परिवार के लोग आपकी बातों से सहमत रहेंगे।

**वृषभ** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी एक्सपर्ट की सलाह जरूर ले। छात्र आज अपने करियर को लेकर नई योजना बनाएंगे, बच्चों को सही गाइडेंस की जरूरत है। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। मां दुर्गा को लौंग अर्पित करें, आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**मिथुन** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वो समय पर पूरा हो जायेगा। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेंगे, किसी भी अवसर को हाथ से जाने न दें। नया व्यापार शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। बच्चे आज आपसे अपने जरूरत का सामान लेन को कह सकते हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। मां चंद्रघंटा को मीठे का भोग लगाएं, सेहत अच्छी रहेगी।

**कर्क** आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। ऑफिस के सहकर्मियों से आपका ताल मेल बना रहेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है। आज आपको आर्थिक रूप से लाभ मिलेगा। आपको ईमानदार लोगों के साथ मेल-जोल बढ़ाने की जरूरत है। छोटे बच्चे आज बहुत खुश रहेंगे। छात्रों को आज सफलता मिलने के योग बने हुए है। मां दुर्गा की आरती करें, सेहत पहले से बेहतर बनी रहेगी।

**सिंह** आज का दिन शानदार रहने वाला है। आज किसी रिश्तेदार से आपकी फोन पर देर तक बात होगी, किसी समस्या का समाधान मिलेगा। आज दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। महिलाएं आज ऑनलाइन नई डिश सीखने की कोशिश करेंगी। लेखकों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है, उनके लेखन कार्यों की सराहना होगी। मां ब्रह्मचारिणी को लाल चुनरी चढाएं, जीवन में चल रही परेशानियां खत्म होगी।

**कन्या** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। बेवजह शुरू हुई समस्याएं पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी। आज आपको ननिहाल पक्ष से शुभ समाचार मिलेगा। आप विदेश में व्यापार करने की योजना बनाएंगे। आपकी सोशल मीडिया पर किसी से बात हो सकती है। आज बच्चे घर के काम में माता की मदद करेंगे, जिससे माता उनसे प्रसन्न रहेगी। मां दुर्गा को नारियल चढाएं, उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलेगा।

**तुला** आज आपका दिन खुशियां लेकर आया है। काम के मामलों में आप बेहद व्यावहारिक रहेंगे। आपके मन में बहुत दिनों से कारोबार को लेकर जो योजना चल रही थी, उस योजना पर काम शुरू करेंगे। आज आपकी मीठी वाणी आपके काम को जल्दी पूरा करवाने में मदद करेगी। नवविवाहित दंपति आज किसी धार्मिक स्थल पर दर्शन के लिए जायेंगे। मां ब्रह्मचारिणी का ध्यान करें, समस्याओं का समाधान मिलेगा।

**वृश्चिक** आज आपका दिन ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। आपको दूसरों से प्रेरणा लेकर काम करने की जरूरत है। आज बोलने से ज्यादा आपको काम पर ध्यान देना चाहिए। आज आपको अपने माता पिता के साथ समय बिताना चाहिए। संयम और धैर्य के साथ ही आपको अपने कदम आगे बढ़ाने चाहिए। किसी रिश्तेदार से चलती आ रही अनबन आज खत्म हो जाएगी। मां दुर्गा को लौंग अर्पित करें, कारोबार में बरकत होगी।

**धनु** आज आर्थिक तौर पर आपकी स्थिति मजबूत रहेगी। बिजनेस को बढ़ाने के लिए थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है। आज पड़ोसी आपसे किसी प्रकार की सहायता मांगेंगे। लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। घर से बाहर रहकर जॉब कर रहे लोगों को आज अपने परिवार वालों से मिलने का मौका मिलेगा। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी। मां चंद्रघंटा का नाम ले कर नए कार्य की शुरूआत करें, सफलता मिलेगी।

**मकर** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। ऑफिस के किसी सहकर्मी के साथ आपकी दोस्ती होगी, जो लंबे समय तक चलेगी। आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की जरूरत है। आज आपको बच्चों के स्वास्थ्य का थोड़ा ध्यान रखना चाहिए। छात्रों के लिये दिन अच्छा रहेगा। लवमेट के लिए आज का दिन खुशियों भरा रहने वाला है। मां दुर्गा के सामने माथा टेके, रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

**कुंभ** आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। लोगों का भरोसा आप पर बना रहेगा। माता के आशीर्वाद से दांपत्य जीवन में खुशियां आएंगी। आपकी ईमानदारी से लोग प्रेरणा लेंगे। महिलाएं घर के काम से जल्द
ही राहत पा लेंगी। कई दिनों से रुका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। बच्चों को उनके पढ़ाई में परिवार वालों का सहयोग मिलेगा। मां ब्रह्मचारिणी के आगे हाथ जोड़े, आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**मीन** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आप सोशल मीडिया के जरिए सामाजिक कार्यों में सहयोग देंगे। शिक्षकों की मदद से विद्यार्थियों का प्रोजेक्ट पूरा होगा। किस्मत का साथ आपको आर्थिक लाभ
दिलाएगा। पहले की गई मेहनत का आज अच्छा लाभ मिलेगा। परिवार वालों के साथ किसी धार्मिक कार्य में शामिल हो सकते हैं। छात्र कंप्यूटर कोर्स ज्वॉइन करने का मन बनाएंगे। मां दुर्गा को इलायची अर्पित करें, जीवन में खुशियों की प्राप्ती होगी।

## वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 किस तरह चिंताओं और मुद्दों का समाधान करता है

हर्ष रंजन

वक्फ संपत्तियां समुदाय के कल्याण के लिए होती हैं और यह कल्याण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा या धार्मिक उद्देश्यों से जुड़ा हो सकता है। हालांकि, जमीन हड़पने, फर्जी दावों और राजनीतिक रूप से जुड़े व्यक्तियों द्वारा दुरुपयोग के मामलों ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। गरीबों की मदद करने के बजाय, इन संपत्तियों का इस्तेमाल अक्सर निजी लाभ के लिए किया जाता रहा है। यह नया विधेयक सुनिश्चित करता है कि वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा की जाए और उनका इस्तेमाल इच्छा के मुताबिक किया जाए।

वक्फ संशोधन विधेयक 2024, वक्फ संपत्तियों में कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और अतिक्रमण के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दों का समाधान करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण विधायी कदम है। ये प्रस्तावित संशोधन पारदर्शिता बढ़ाने, कानूनी स्वामित्व सुनिश्चित करने और वक्फ बोर्डों के भीतर जवाबदेही व शासन के लिए एक मजबूत तंत्र स्थापित करने पर केंद्रित हैं। वक्फ संपत्ति प्रबंधन में मुख्?य चिंता उचित पहचान और डिजिटलीकरण की कमी रही है। यह विधेयक धारा 54 और 55 के प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करता है, जो अतिक्रमण की रोकथाम से संबंधित हैं। वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए, यह विवादित संपत्तियों से संबंधित मुकदमों के शीघ्र निपटारे के साथ-साथ ऐसी सभी संपत्तियों की पहचान और डिजिटलीकरण को अनिवार्य बनाता है। इस तरह डिजिटल रिकॉर्ड रखने से अनधिकृत दावों और फर्जी लेनदेन पर अंकुश लगेगा। यह भी सुनिश्चित होगा कि वक्फ संपत्तियों का उपयोग उनके इच्छित धर्मार्थ और धार्मिक उद्देश्यों के लिए किया जा सके।

2013 में संशोधित वक्फ की मौजूदा परिभाषा, किसी भी व्यक्ति को वक्फ के रूप में संपत्ति दान करने की अनुमति देती थी, जिससे कई धोखाधड़ी वाले दावे होते थे। संशोधन विधेयक 2013 से पहले की स्थिति को बहाल करता है, जिसमें यह आवश्यक है कि केवल इस्लामी आस्था का व्यक्ति जो संपत्ति का कानूनी मालिक है, वह इसे वक्फ के रूप में घोषित कर सकता है, इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि वह कम से कम पांच साल से इस्लाम को मानता आया हो। यह उपाय संदिग्ध दान को रोकेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि केवल वास्तविक धार्मिक बंदोबस्ती को ही मान्यता दी जाए। यह प्रावधान उन मामलों को खत्म कर देगा जहां मूल मालिक के पास कानूनी स्?वामित?व नहीं होने के बावजूद संपत्तियों को वक्फ के रूप में गलत तरीके से दावा किया गया था।

एक अन्य महत्वपूर्ण सुधार उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ प्रावधान को हटाना है, जो पहले संपत्तियों को दीर्घकालिक उपयोग के आधार पर वक्फ के रूप में नामित करने की अनुमति देता था। इस प्रावधान के कारण कई मामले सामने आए थे जहां सरकारी स्वामित्व वाली संपत्तियों सहित अन्य कई संपत्तियों को गलत तरीके से वक्फ के रूप में वर्गीकृत किया गया था। इस संशोधन के तहत, केवल औपचारिक वक्फ विलेख वाली संपत्तियों को ही वक्फ के रूप में मान्यता दी जाएगी, ताकि अनधिकृत दावों को रोका जा सके। हालांकि, उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ के तहत मौजूदा पंजीकृत वक्फ संपत्तियों को संरक्षित किया जाएगा, जब तक कि वे विवाद में न हों या सरकारी स्वामित्व वाली न हों, जिससे सामुदायिक हितों और सार्वजनिक संपत्ति अधिकारों के बीच संतुलन बना रहे।





वक्फ बोर्डों द्वारा संपत्तियों के गलत तरीके से अधिग्रहण को रोकने के लिए विधेयक में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वक्फ के समान उद्देश्यों के लिए मुसलमानों द्वारा स्थापित लेकिन अन्य वैधानिक प्रावधानों के तहत विनियमित ट्रस्टों को वक्फ संपत्ति नहीं माना जाएगा। यह स्पष्टीकरण स्वतंत्र मुस्लिम धर्मार्थ ट्रस्टों के प्रशासन में वक्फ बोर्डों द्वारा अनुचित हस्तक्षेप को रोकेगा।

यह विधेयक वक्फ बोर्डों के भीतर प्रशासनिक अक्षमताओं को भी दूर करता है। रिकॉर्ड को डिजिटाइज़ करने और उन्हें वक्फ मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल पर अपलोड करने में विफलता एक प्रमुख मुद्दा रहा है। संशोधन में कहा गया है कि सभी वक्फ संपत्तियों को छह महीने के भीतर ऑनलाइन पंजीकृत किया जाना चाहिए ताकि अधिक पारदर्शिता और सुगमता सुनिश्चित हो सके।

एक और मुख्य चिंता, गलत तरीके से सरकारी संपत्तियों को वक्फ संपत्ति के रूप में घोषित करने की है, जैसा कि दिल्ली में 123 वक्फ संपत्तियों और सूरत नगर निगम से जुड़े विवादों के मामलों में देखा गया है। इसका मुकाबला करने के लिए धारा 3सी में प्रावधान है कि पहले या वर्तमान में वक्फ के रूप में घोषित की गई कोई भी सरकारी संपत्ति तब तक वक्फ की नहीं मानी जाएगी जब तक कि किसी नामित अधिकारी द्वारा सत्यापित न हो। राज्य सरकार द्वारा नियुक्त यह अधिकारी जांच करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि सरकारी संपत्ति सुरक्षित है।

विधेयक में लंबित वक्फ सर्वेक्षणों की जिम्मेदारी कलेक्टर के अधिकार क्षेत्र में स्थानांतरित करने का भी प्रस्ताव है, जो प्रक्रिया को पूरा करने के लिए राज्य के राजस्व कानूनों का पालन करेंगे। यह सुधार सुनिश्चित करेगा कि वक्फ संपत्ति सर्वेक्षण अधिक कुशलतापूर्वक और बिना किसी पक्षपात के किए जाएं।

जवाबदेही की कमी, शक्ति का दुरुपयोग और बाहरी पक्षों के साथ मिलीभगत के लिए राज्य वक्फ बोर्डों की आलोचना की गई है। इन मुद्दों के निराकरण के लिए, विधेयक में राज्य वक्फ बोर्डों को मासिक बैठकें आयोजित करने, नियमित निगरानी और निर्णय लेने का आदेश दिया गया है। इसके अतिरिक्त, वक्फ पंजीकरण के लिए कोई भी आवेदन सत्यापन के लिए कलेक्टर को भेजा जाएगा, जिससे प्रक्रिया में निष्पक्षता सुनिश्चित होगी और वक्फ बोर्डों द्वारा मनमाने निर्णय लेने से रोका जा सकेगा।

इसके अलावा, विधेयक धारा 40 को हटाकर वक्फ बोर्डों की किसी भी संपत्ति को वक्फ घोषित करने की विशेष शक्ति को तर्कसंगत बनाता है, जो पहले पूरी तरह से जांच के बिना ऐसी घोषणाओं की अनुमति देता था। वक्फ प्रबंधन की अखंडता के लिए, नए प्रावधानों में कदाचार में शामिल मुतवल्लियों (वक्फ संपत्तियों के संरक्षक) के लिए सख्त अयोग्यता मानदंड पेश किए गए हैं। हितधारकों के लिए बेहतर कानूनी सहारा प्रदान करने के लिए, विधेयक में धारा 83(9) के तहत एक अपीलीय तंत्र शामिल है, जो यह सुनिश्चित करता है कि न्यायाधिकरण के फैसलों को चुनौती दी जा सके जिससे विधिक उपाय मजबूत होंगे। इसके अलावा, वक्फ विवादों के लिए सीमा अधिनियम की प्रयोज्यता अनिश्चितकालीन मुकदमेबाजी को रोकेगी, जिससे विवादों का समय पर समाधान हो सकेगा। अंत में, इस विधेयक में धारा 108ए को हटाने का प्रस्ताव है, जो पहले अन्य कानूनों पर अधिभावी अधिकार प्रदान करती थी। यह वक्फ शासन के लिए और अधिक समान और कानूनी रूप से सुदृढ़ दृष्टिकोण सुनिश्चित करता है।

# कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई का हुआ आयोजन

## कलेक्टर ने 67 आवेदकों की शिकायतें सुनीं



**रीवा,कासं.।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जनसुनवाई में 67 आवेदकों की शिकायतें सुनीं। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में राजस्व, पेंशन, ग्रामीण विकास, खाद्य, पीएचई आदि विभागों से संबंधित शिकायतों को कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को समाधानकारक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया।

जनसुनवाई के दौरान ग्राम टंगहा भोथी (त्योंथर) के निवासियों ने आवाद व्यक्तियों को आवासीय पट्टा दिलाये जाने का आवेदन दिया। कलेक्टर ने एसडीएम त्योंथर को मौके पर परीक्षण कर कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। पलिया मनगवां के नावालिग ओम पाण्डेय संरक्षक महेश प्रसाद पाण्डेय के नावालिक के सम्पत्ति का वारसाना किये जाने के अपर आयुक्त के आदेश का पटवारी द्वारा पालन नहीं किये जाने के आवेदन पर कलेक्टर ने संयुक्त कलेक्टर को परीक्षण के निर्देश देते हुए कहा कि पटवारी हल्का चोरगड़ी द्वारा हीलाहवाली किया जाना पाया जाय जो संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करें। उन्होंने मुक्द्दर बेग घोघर निवासी के मकान से अवैध कब्जा हटाने, रामबहोर पटेल मटीमा सिरमौर को शासकीय हैण्डपंप को अतिक्रमण से मुक्त कराने, तीरथ प्रसाद चर्मकार कल्याणपुर के सार्वजनिक कूप को निजी उपयोग से मुक्त कराने तथा जगन्नाथ साकेत उमरी निवासी के खसरा सुधार के आवेदन पर कार्यवाही न होने पर संबंधित एसडीएम को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने महेबा निवासी लाल बहादुर कुशवाहा के आराजी खसरा परिवर्तन करने, जवा के रामराज मल्लाह के अतिक्रमण हटाने तथा महुली निवासी कमला पाण्डेय के पति की मृत्यु के उपरांत गलत वारसाना किये जाने के आवेदनों को संबंधित एसडीएम को कार्यवाही करने हेतु प्रेषित किया। उन्होंने संतोष कोरी दुआरी के आवासीय पट्टा दिये जाने के आवेदन को एसएलआर, बरा निवासी राजवर्धन सिंह के अवैध अतिक्रमण पर रोक लगाने के आवेदन को तहसीलदार हुजूर तथा तेदुन निवासी धर्मेन्द्र गुप्ता के जमीन से अतिक्रमण हटाने के आवेदन को तहसीलदार सिरमौर को कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर ने रीवा नगर के मुख्य नगर वासियों के आवासीय क्षेत्र से अवैध मोबाइल टावर हटाने के आवेदन को परीक्षण हेतु एसडीएम हुजूर को प्रेषित किया गया। इसी प्रकार बुद्धसेन प्रजापति रायपुर कर्चुलियान के पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने के आवेदन पर सीईओ रायपुपर कर्चुलियान को, धर्मेन्द्र शर्मा द्वारा अनुकंपा नियुक्ति दिलाने के आवेदन को सिंचाई विभाग को तथा बहुरीबांध निवासियों के शासकीय हैण्डपंप को अतिक्रमण से मुक्त कराने के आवेदन को पीएचई कार्यपालन यंत्री को समाधान कार्यवाही किये जाने हेतु कलेक्टर द्वारा प्रेषित किया गया।

सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पी.के. पाण्डेय एवं श्रयेस गोखले ने भी आवेदकों की समस्यायें सुनीं।

### राजस्व पुस्तक परिपत्र के अन्तर्गत सहायता हेतु निर्देश

# कलेक्टर ने एसडीएम व तहसीलदार को निर्धारित शीर्ष में प्रविष्टि कर कार्यवाही करने के दिये निर्देश

**रीवा,कासं.।** . राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-(4) में आरसीएमएस पोर्टल पर निर्धारित शीर्ष के अनुरूप सहायता के निर्देश जारी किये गये है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने समस्त एसडीएम व तहसीलदार को निर्देशित किया है कि राजस्व पुस्तक परिपत्र के प्रकाशित शीर्ष में प्रकरणों को दर्ज कर कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि शीर्ष क्रमांक ब-128 (1) फसल हानि के लिए आर्थिक सहायता, ब-128 (2) फसल पेड़ उन पर लगी फसलों/पान बरेजे आदि की हानि के लिए आर्थिक सहायता, ब-128 (3) फसलों पर कीड़ प्रकोप से हुई हानि के लिए आर्थिक सहायता, ब-128 (4) राजस्व एवं वन ग्रामों में वन प्राणियों द्वारा फसल हानि के लिए आर्थिक सहायता, ब-128 (5) बाढ़ की स्थिति में कृषि योग्य भूमि पर रेत आने से सहायता, ब-128 (6) पशु/पक्षी हानि के लिए, ब-128 (7) नष्ट हुए मकानों के लिए आर्थिक सहायता, ब-128 (8) कपड़ा/बर्तन एवं खाद्यान्न की क्षति के लिए आर्थिक सहायता, ब-128 (9) मृत व्यक्ति के परिवार/निकटतम वारिस को आर्थिक सहायता 1. नैसर्गिक विपत्तियोंअर्थात तूफान, भूकम्प, बाढ़, अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, भूस्खलन, आकाशीय बिजली गिरने अथवा आग लगने से 2. सर्प गुहेरा या जहरीले जंतु के कटने से 3. बस व अन्य अधिकृत वाहन नदी या जलाश्य में गिरने से जल हानि 4. पानी में डूबने अथवा नाव दुर्घटना से जन हानि प्रस्तावित है।

इसी प्रकार शीर्ष क्रमांक ब-128 (10) शारीरिक अंग हानि के लिए आर्थिक सहायता, ब-128 (11) घायल होने पर आर्थिक सहायता, ब-128 (12) गंभीर शारीरिक क्षति जिसमें व्यक्ति एक सप्ताह से अधिक अस्पताल में भर्ती रहा हो, ब-128 (13) लावारिस शव के अंतिम संस्कार के लिए सहायता, ब-128 (14) मृत पशुओं के निवर्तन की व्यवस्था, ब-128 (15) कुम्हार के भट्टे में ईंट तथा खपरे बरबाद होने पर आर्थिक सहायता, ब-128 (16) बुनकरों/हस्त शिल्पियों को दी जाने वाली सहायता, ब-128 (17) अग्नि या बाढ़ से प्रभावित दुकानदारों को सहायता, ब-128 (18) अस्थायी राहत कैम्पों में निः शुल्क रहने एवं भोजन की व्यवस्था, ब-128 (19) बाढ़ तथा तूफान से प्रभावित मछुआरों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता, ब-128 (20) कुंए या नलकूप नष्ट होने पर दी जाने वाली सहायता, ब-128 (21) बैलगाड़ी या अन्य कृषि उपकरण नष्ट होने पर आर्थिक सहायता, ब-128 (22) सड़क दुर्घटना में घायल/मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता, ब-128 (23) मुख्यमंत्री सहायता कोष तथा ब-128 (24) मुख्यमंत्री कृषिक कल्याण सहायता के प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही करें।

कलेक्टर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) के समस्त प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल पर अनिवार्यत उपरोक्त मदों में ही दर्ज करने, पूर्व से प्रचलित प्रकरणों को यथाशीघ्र निराकृत कर नए प्रकरण अन्य किसी शीर्ष में दर्ज न किए जाने के निर्देश दिये है। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) के अंतर्गत समस्त प्रकरण स्वीकृति हेतु सक्षम प्राधिकारी के न्यायालय में ही पंजीकृत किए जाएँ। आवश्यकतानुसार अधीनस्थ अधिकारी से प्रतिवेदन लिया जा सकता है, किंतु किसी भी परिस्थिति में अधीनस्थ न्यायालय में प्रकरण दर्ज न किए जाएँ। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) अंतर्गत प्रकरणों का निराकरण म.प्र. लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 में अधिसूचित सेवाएँ है जिनका निर्धारित समयावधि तीस दिवस में निराकरण अनिवार्य है।

उक्त प्रकरणों में समय ड्ड सीमा बाह्य होने की स्थिति में नियमानुसार पेनेल्टी अधिरोपित की जा सकेगी व बहुतोशी प्रकरणों में लापरवाही परिलक्षित होने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के समस्त स्वीकृत प्रकरणों में पारित अंतिम आदेश के उपरंत आदेश पात्रिका में नायब नाजिर/राहत राशि भुगतान प्रभारी की पालन टीप अंकित कर वाउचर की प्रति प्रकरण में संलग्न करने के उपरांत ही प्रकरण को समाप्त किया जाएगा। उक्त निर्देश राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) अंतर्गत स्वीकृति प्रदान करने वाले समस्त सक्षम प्राधिकारियों पर लागू होंगें। निर्देशों का कड़ाई से पालन कर निर्धारित समयावधि में प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किये जाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिये गये हैं।

## जनपद पंचायत के सहयोग से युवाओ को सुरक्षा एजेंसी दे रही है रोजगार

**रीवा,कासं.।** युवाओं को रोजगार का अवसर देने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा सभी जनपद पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। दो अप्रैल को नईगढ़ी में 03 अप्रैल को मऊगंज जनपद परिसर तथा 04 अप्रैल को रीवा जनपद पंचायत परिसर में भर्ती शिविर लगाये जायेंगे। इन शिविरों में सिंगरौली की एसआईएस सुरक्षा एजेंसी द्वारा युवाओं का सुरक्षा कार्यों के लिए चयन किया जा रहा है। युवाओं की शारीरिक एवं लिखित परीक्षा के उपरांत उनका चयन किया जा रहा है। चयनित युवाओं को रजिस्ट्रेशन किया जायेगा।

इसके बाद सभी चयनित उम्मीदवारों को एस. आई. एस. ट्रेनिंग एकेडमी सिंगरौली एक माह का प्रशिक्षण दिया जायेगा। ट्रेनिंग सेंटर में ही युवाओं के शैक्षणिक तथा अन्य दस्तावेजों का सत्यापन किया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान पी0 टी0, डी्ल, ड्रिल थ्योरी, औद्योगिक सुरक्षा, विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, आग बुझाने, कम्प्यूटर , बैंक सिक्यूरिटी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की सुरक्षा सरकारी कार्यालयों की सुरक्षा आदि का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण के बाद विभिन्न निजी और शासकीय संस्थानों में सुरक्षा कार्य में तैनाती का अवसर मिलेगा। भर्ती के लिए शारीरिक रूप से स्वस्थ योग्य उम्मीदवार ,मैट्रिक पास, आयु 19 वर्ष से 40 वर्ष तक ही होनी चाहिए ।

## प्रदेश की मूल गौवंशीय नस्ल एवं भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों को मिलेगा पुरस्कार

**रीवा,कासं.।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा प्रदेश की मूल गोवंशीय नस्ल एवं भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ राजेश मिश्रा ने बताया कि जिन पशुपालकों के पास भारतीय नस्ल की गिरि, साहीवाल, थारपारकर एवं हरियाणा आदि नस्ल की गाय हों तथा उनका दुग्ध उत्पादन प्रति दिवस 6 लीटर से अधिक हो वह अपने पशु का पंजीयन दो अप्रैल से चार अप्रैल तक विकासखण्ड स्तर अथवा निकटतम पशु चिकित्सालय में करा सकते हैं। अधिकतम दुग्ध उत्पादन वाले प्रथम 10 गौवंशों का सुबह-शाम एवं दूसरे दिन कुल तीन समय दुग्ध क्षमता का आकलन विभाग के अधिकारियों द्वारा पशु मालिक के घर जाकर सूचीबद्ध किया जाएगा। इस प्रकार जिले के प्रत्येक विकासखण्ड से प्राप्त सूची में से अधिकतम दूध उत्पादन वाले प्रथम तीन गौवंश के पशुपालकों के नाम राज्य स्तर पर प्रेषित किए जाएंगे। राज्य स्तर पर 13 अप्रैल को विभागीय मंत्री द्वारा अधिकतम दुग्ध उत्पादन वाले तीन पशुपालकों को पुरस्कृत किया जाएगा। उप संचालक ने जिले के पशुपालकों से निर्धारित समयावधि में मापदण्ड वाले गौवंशीय पशुओं का पंजीयन कराने की अपेक्षा की है।

## मानस भवन में चार और पाँच अप्रैल को लगेगा पुस्तक मेला

**रीवा,कासं.।** विद्यार्थियों को रियायती दर पर किताबें और स्कूल ड्रेस उपलब्ध कराने के लिए रीवा में मानस भवन में दो दिवसीय पुस्तक मेला लगाया जा रहा है। पुस्तक मेला चार और पाँच अप्रैल को सबुह 10 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित होगा। कलेक्ट्रेट के बाणसागार सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मेले के तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि मेला स्थल पर उचित स्टाल लगाकर वेंडर्स की व्यवस्था करें। पुस्तक और ड्रेस बेचने वाले सभी दुकानदारों को मेले में शामिल करें। प्रत्येक दुकानदार का पंजीयन करके उसे स्टाल संख्या आवंटित करें। मेले में खरीददारों और वेंडर्स के लिए समुचित व्यवस्थाएं करें। पुस्तक मेले में 10 प्रतिशत छूट पर किताबें मिलेंगी। इसलिए मेले



में बड़ी संख्या में लोग आएंगे। पुलिस अधिकारी वाहनों की पार्किंग तथा भीड़ प्रबंधन के लिए उचित प्रबंध करें। आयुक्त नगर निगम मेला स्थल में पेयजल और साफ-सफाई की व्यवस्थाएं कराएं। कलेक्टर ने कहा कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेला स्थल का निरीक्षण करके सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। मेले में किताबों और स्कूल ड्रेस के सभी विक्रेता अपना स्टाल लगाएं, इसे सुनिश्चित करें। जिला शिक्षा अधिकारी मेले के प्रत्येक काउंटर पर कर्मचारी तैनात करें। मेले में सभी कक्षाओं की पूरी किताबों की बिक्री सुनिश्चित करें जिससे अभिभावक को किताबों के लिए पुन-दुकान न जाना पड़े। मेला स्थल में हेल्पडेस्क भी स्थापित करें। इसमें प्राप्त सूचनाओं तथा उन पर की गई कार्यवाही से प्रतिदिन सीईओ जिला पंचायत को अवगत कराएं। प्रमुख निजी स्कूलों की फीस तथा प्रवेश के संबंध में तीन दिवस में निरीक्षण कराकर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। फीस बढ़ाने के संबंध में यदि कोई स्कूल संचालक शासन के निर्देशों का उल्लंघन करता पाया जाएगा तो उस पर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा।

### खेल/व्यापार



रोम में लेजियो और टोरिनो के बीच हुए सीरीज ए फुटबॉल मैच में खेलते हुए खिलाड़ी।

# आईपीएल : ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की दौड़ में छाये हैं विदेशी खिलाड़ी

**मुम्बई, (ए.)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भारतीय क्रिकेटर अब तक कुछ खास नहीं कर पाये हैं। सबसे अधिक विकेट और रन बनाने वालों में अधिकतर विदेशी खिलाड़ी हैं। भारतीय खिलाड़ियों की बात करें सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलने वाले अनिकेत वर्मा ने 117 रन जबकि गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन ने 137 रन बनाये हैं। इस प्रकार देखा जाये तो सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप और सबसे अधिक विकेटों के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की दौड़ में विदेशी खिलाड़ी छाये हुए हैं।

सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप की दौड़ में शीर्ष पर अधिकतर विदेशी हैं। इसमें लखनऊ सुपरजायंट्स से खेल रहे वेस्टइंडीज के निकलस पूरन 145 रन बनाकर सबसे आगे हैं। वहीं ऑरेंज कैप की रेस में दूसरे नंबर पर टाइटंस की ओर से खेलने वाले भारत के सुदर्शन हैं। सुदर्शन के 137 रन हैं। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया की ओर से खेल रहे सनराइजर्स हैदराबाद के ट्रैविस हेड 137 और चौथे नंबर पर लखनऊ सुपरजायंट्स की ओर से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मिचेल मार्श 124 रन हैं। पांचवें नंबर पर सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलने वाले भारत के अनिकेत 117 रन हैं। ऑरेंज कैप की रेस में शीर्ष् -5 में एक भी ऐसा बल्लेबाज नहीं है जिसने भारतीय क्रिकेट टीम के लिए खेला हो। भारतीय टीम के बल्लेबाजों की बात करें तो सूर्यकुमार यादव ने 104, संजू सैमसन ने 99, श्रेयस अय्यर 97, विराट कोहली ने अबतक 90 रन बनाए हैं।

वहीं सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप



की दौड़ में भी शीर्ष दो खिलाड़ियों में चेन्नई सुपरकिंग्स की ओर से खेल रहे अफगानिस्तान के नूर अहमद और दिल्ली कैपिटल्स से खेल रहे ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क हैं। अब तक नूर अहमद ने 9 और स्टार्क ने 8 विकेट लिए हैं। इसके बाद अगले तीन भारत के खलील अहमद 6, शार्दुल ठाकुर 6 और कुलदीप यादव हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की ओर से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के नाम 5 विकेट जबकि हैं और वह छठे और राजस्थान रॉयल्स के श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसरंगा 5 विकेट लेकर सातवें नंबर पर हैं।

### रोहित की बात ध्यान से सुनती दिखीं नीता अंबानी

**मुंबई, (ए.)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुम्बई इंडियंस को मिली पहली जीत के बाद टीम की मालकिन नीता अंबानी खुश नजर आयीं। इसी दौरान टीम के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा उनसे कुछ कहते हुए नजर आये। वहीं नीता अंबानी उनकी बात ध्यान से सुनती नजर आयीं। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया में आया है। रोहित इस लीग में अब अब तक असफल रहे हैं।


अब तक हुए तीनों ही मैचों में वह एक बार भी अधिक रन नहीं बना पाये हैं। इसके बाद भी जब रोहित बोल रहे थे तो टीम मालकिन उनकी बातों को शांति से सुनती दिखीं। यही मुंबई इंडियंस के प्रबंधन की खासियत है। उन्हें पता है कि अपने खिलाड़ी के साथ किस तरह से व्यवहार करना चाहिए। मुम्बई के मेंटोर सचिन तेंदुलकर हैं जबकि उन्होंने साल 2013 से ही आईपीएल नहीं खेला है। कीरोन पोलार्ड संन्यास के बाद कोचिंग स्टाफ में शामिल हैं, वहीं लसिथ मलिंगा भी गेंदबाजी कोच की भूमिका में हैं। यही कारण है कि मुंबई को खिलाड़ियों की टीम कहा जाता है क्योंकि इसमें प्रबंधन हार और जीत दोनो में ही एक समान व्यवहार करते हुए खिलाड़ियों को पूर्ण सम्मान देता है। इससे खिलाड़ियों का मनोबल भी बढ़ा हुआ रहता है।

## केकेआर को हराकर छठे स्थान पर पर पहुंची मुम्बई इंडियंस, गत विजेता अंतिम स्थान पर खिसकी

**मुम्बई, (ए.)।** मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18 वें सत्र में कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) को हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की है। मुम्बई की जीत के साथ ही अंक तालिका में भी बड़ा बदलाव आया है। एक दिन पहले तक अंतिम स्थान पर चल रही मुम्बई की टीम अब छठे स्थान पर आ गयी है। वहीं केकेआर अंतिम स्थान पर खिसक गयी है। गत विजेता केकेआर इस बार केवल एक ही मैच जीत पायी है। वहीं तीन मैच में एक जीत और दो हार के साथ छठे नंबर पर पहुंची मुंबई इंडियंस का नेट रन रेट 0.309 है जबकि केकेआर का नेट रनरेट -1.428 आ गया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) 2.26 रन रेट के साथ हीपहले ही नंबर पर बरकरार है। वहीं चेन्नई सुपरकिंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइटराइडर्स के अलावा सभी अन्य टीमों का नेट रन रेट प्लस में है। इस प्रकार एक जीत से मुम्बई को काफी लाभ हुआ है।

# ओपनएआई ने जुटाई 3,400 अरब रुपये की नई फंडिंग, 25,000 अरब हुआ कंपनी का मूल्यांकन


**नईदिल्ली, (ए.)।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनी ओपनएआई ने 300 अरब डॉलर (लगभग 25,600 अरब रुपये) के मूल्यांकन पर 40 अरब डॉलर (लगभग 3,400 अरब रुपये) की फंडिंग जुटाई है। यह अब तक का सबसे बड़ा एआई निवेश माना जा रहा है। इस निवेश से कंपनी का मूल्य अक्टूबर में 157 अरब डॉलर (लगभग 13,400 अरब रुपये) के पिछले मूल्यांकन से लगभग दोगुना हो गया। चैटजीपीटी के निर्माता ने इस फंडिंग को पूरा कर लिया है, जिसमें सॉफ्टबैंक और अन्य निवेशक शामिल हैं। ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन ने कहा कि हर हफ्ते करोड़ों लोग चैटजीपीटी का इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह निवेश एआई को और अधिक उपयोगी बनाने में मदद करेगा। फंडिंग सौदे में सॉफ्टबैंक मुख्य




निवेशक है, जिसने शुरुआत में 7.5 अरब डॉलर (लगभग 640 अरब रुपये) और अन्य निवेशकों के साथ मिलकर 2.5 अरब डॉलर (लगभग 210 अरब रुपये) का निवेश किया है। माइक्रोसॉफ्ट, कोट्यू मैनेजमेंट, अल्टीमीटर और थ्राइव कैपिटल भी इस फंडिंग में शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 के अंत तक 30 अरब डॉलर (लगभग 2,500 अरब रुपये) का अतिरिक्त निवेश किया जाएगा। इसमें सॉफ्टबैंक से 22.5 अरब डॉलर (लगभग 1,900 अरब रुपये) और अन्य निवेशकों से 7.5 अरब डॉलर (लगभग 640 अरब रुपये) आएंगे। यह सौदा ओपनएआई की क्षमताओं को और आगे बढ़ाएगा, जिससे एआई तकनीक का उपयोग बढ़ेगा। इस निवेश के जरिए कंपनी अपनी सेवाओं का विस्तार करेगी और नए प्रयोगों पर ध्यान केंद्रित करेगी।

# फिक्स्ड डिपॉजिट निवेशकों के लिए खुशखबरी! आज से एफडी ब्याज आय पर टीडीएस सीमा बढ़ी

**नई दिल्ली, (ए.)।** फिक्स्ड डिपॉजिट निवेशकों को संशोधित स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) नियमों से लाभ होगा, जो आज से लागू हो गई हैं. आज से निवेशकों के लिए एफडी ब्याज दरों पर टीडीएस छूट की सीमा अधिक होगी. अब तक फिक्स्ड डिपॉजिट योजनाओं से मिले ब्याज पर टीडीएस में कटौती की जाती थी, अगर यह 40,000 रुपये (वरिष्ठ नागरिकों के लिए 50,000 रुपये) से अधिक था. लेकिन केंद्रीय बजट 2025 में एफडी योजनाओं पर टीडीएस छूट की सीमा बढ़ा दी गई.




एफडी योजनाओं पर टीडीएस छूट की सीमा व्यक्तियों के लिए 40,000 रुपये से बढ़ाकर 50,000 रुपये कर दी गई है. वरिष्ठ नागरिकों के लिए कर कटौती की सीमा 50,000 रुपये से बढ़ाकर 1,00,000 रुपये कर दी गई है. एफडी की मूल राशि से कोई टीडीएस नहीं काटा जाता, चाहे उसकी राशि कितनी भी हो. हालांकि, अगर कोई व्यक्ति अपनी एफडी की मूल राशि पर 50,000 रुपये से अधिक ब्याज कमाता है, तो ब्याज टैक्स कटौती के अधीन होगा.

बैंक 50,000 रुपये (वरिष्ठ नागरिकों के लिए 1 लाख रुपये) से अधिक की एफडी ब्याज पर 10 फीसदी की फ्लैट दर से टीडीएस काटते हैं. अगर निवेशक ने पैन कार्ड डिटेल्स देता है. अगर व्यक्ति ने कोई पैन कार्ड डिटेल्स नहीं दिया है, तो एफडी ब्याज आय पर टीडीएस बढ़कर 20 फीसदी हो जाता है. ज्वाइंट एफडी के लिए प्राथमिक निवेशक के नाम पर टीडीएस काटा जाता है. टैक्स बचत एफडी निवेश, जो आम तौर पर 5 5 साल की अवधि के लिए किया जाता है. नियमों के आधार पर कर कटौती को भी आकर्षित करता है.

टीडीएस राशि व्यक्ति की कुल आय में जोड़ी जाएगी, और यदि यह अभी भी कर योग्य सीमा से कम है, तो काटे गए टीडीएस का दावा किया जा सकता है और इसकी रीइंबर्समेंट की जाएगी. एफडी योजनाओं के अलावा, बढ़ी हुई टीडीएस सीमा सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड योजनाओं में निवेश से होने वाली आय पर भी लागू होती है.

# श्रीराम नवमीं पर निकाली जायेगी भव्य शोभायात्रा




**ललितपुर।** स्थानीय एक रेस्त्रां में आगामी समय में आने वाली श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में निकलने वाली शोभायात्रा की एक योजना बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में धर्मेन्द्र गोस्वामी, चंद्रशेखर दुबे एवं संजीव बजाज के अलावा अनेकों लोग शामिल हुये। बैठक में उपस्थित अधिंकाश वर्ग के लोगो द्वार शोभायाना को और भी विशाल एवं सफल बनाने हेतु अपने अपने सुझाव दिये।

बैठक में महाकाल अखाडा से भरत वैद्य, रानीलक्ष्मी बाई अखाड़ा राकेश कुशवाहा, महाकाल अखाड़ा कपिल कुशवाहा, भैलौनी राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी भूरे राजा, विश्व हिन्दू परिषद नवल किशोर सोनी, बजरंग सेना दीपक पस्तोर, गौ पुत्र सेना से प्रशांत शुक्ला व मनीष दुबे, श्रीरामलीला हनुमान जयन्ती महोत्सव समिति से बृजेश चतुर्वेदी, मुक्ति संस्था से अज्जू बाबा, जय अम्बे रक्तदान समिति से दीपक राठौर, बुविसे से हरीश कपूर, भाकियू लोकशक्ति से सुनील शर्मा, भाकियू टिकैत से लाखन पटेल, गौ सेवा मण्डल से सुनील पटैरिया, क्षत्रिय महासभा से भगवत बैस, करणी सेना से सत्य प्रताप सिंह व दिग्विजय सिंह, ब्राह्मण महामण्डल युवा से राजेश दुबे, कुशवाहा महासभा से रमेश कुशवाहा, धीरज कुशवाहा, खंगार क्षत्रिय महासभा से शैलेन्द परिहार, आकाश, साहू महासभा से संतोष साहू, सुनील साहू, रैकवार समाज से आशीष रैकवार, अजय रैकवार, धानुक महासभा से सुधीर धानुक, रजक समाज से नीलू रजक, बाल्मीकि महासभा से कुंजबिहारी बाबरा, नामदेव महासभा से दीपक पटवारी, लोधी महासभा से देवसिंह लोधी, सहरिया समाज से घासीराम सहरिया, राठौर महासभा से संजय राठौर, कायस्थ महासभा से कबीर सिन्हा, सेतू श्रीवास्तव, गुरूद्वारा कमेटी से हरविन्दर सलूजा, ग्राम प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष अनुपम चौबे, नीरज जैन गौना, बजरंग सेना से दीपक नायक, व्ही-5 पंचरत्न समिति से विजय डयोढिया, अंशुल राजपूत, हरीओम जायसवाल, धर्मेंद्र राठौर, रवि गौतम, साहिल गौतम, सौरभ झां, कमल विश्वकर्मा, आकाश सिंह, धनंजय दुबे, खुशाल बरार, मोहित मुडेले, आशुतोष सोनी, अभिषेक शर्मा, नयन शर्मा, रमेश कुशवाहा, संजू राजा क्षत्रिय आदि अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अध्यक्षता पुष्पेन्द्र राजा बुन्देला ने व आभार जिला संयोजक हिंदू जागरण मंच परमेन्द्र सिंह कुआंतला ने व्यक्त किया।

# दो दिवसीय किसान मेला व गोष्ठी का हुआ आयोजन




**ललितपुर।** राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत दो दिवसीय किसान मेला/गोष्ठी कार्यक्रम अन्तर्गत किसानों को राजकीय पान केन्द्र पाली से कृषि विज्ञान केन्द्र खिरियामिश्र का भ्रमण कराया गया, जहां पर कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को जैविक खेती करने हेतु प्रोत्साहित किया तथा जीवामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र, दशपर्णी अर्क, छांछ, सोठास्त्र बनाने की विधि से अवगत कराया एवं संतरे के बगीचे का निरीक्षण कराया। इसके बाद किसानों को ग्राम खितवांस के नारायण कुशवाहा के प्रक्षेत्र का भ्रमण कराया।

जहां पर नारायण द्वारा परम्परागत खेती को छोड़कर अपनायी गयी वैकल्पिक मसाला एवं फूलों की खेती से हो रहे लाभों की जानकारी दी गयी। बताया गया कि इस समय 0.60 हे. में क्राइसथीमम एवं 0.60 हे0 में ग्येडियोलस की खेती की है जिसमें उसे कुल लागत एक लाख रूपया आयी तथा 5 लाख का शुद्ध मुनाफा हुआ। तत्पश्चात किसानों को हाईटेक नर्सरी राजकीय पौधशाला खिरियालटकनजू का भ्रमण कराया, जहां पर प्रदर्शन प्लाट में हो रही टमाटर, मिर्च की खेती का अवलोकन किया गया। हाईटेक नर्सरी बने ग्रीन हाऊस एवं नेट हाऊस में की जा रही खरबूजे की खेती का निरीक्षण कर किसानों को बताया गया कि कैसे बाजार की मांग के अनुसार समय पर अपनी फसलों को तैयार कर अधिकतम मूल्य प्राप्त कर अपनी आय में वृद्धि की जा सकती है। यहां से भ्रमण दल ग्राम खिरियाभारन्जू के वीरन द्वारा परम्परागत खेती को छोड़कर अपनायी गयी शाकभाजी खेती का निरीक्षण कराया गया, जहां पर वीरन द्वारा औद्यानिक खेती के लाभ बताते हुये कहा कि 2.50 एकड़ क्षेत्रफल में टमाटर की खेती की है जिसमें सवा लाख की लागत आयी है एवं 5 लाख का मुनाफा हुआ है।

# जिम्नेजियम हॉल का एसपी ने किया लोकार्पण

## एलपीजेसीएल के सीएसआर फण्ड से हुआ हॉल निर्माण




**ललितपुर।** पुलिस के जवानों व अधिकारियों के शारीरिक सौष्ठव का ध्यान रखने के उद्देश्य से ललितपुर पॉवर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड ने सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत पुलिस लाइन परिसर में जिम्नेजियम हॉल का निर्माण कराया है। इस हॉल का लोकार्पण बीते रोज पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक ने फीता काटकर किया। एक लंबे समय से पुलिस लाइन परिसर में जिम्नेजियम हॉल की स्थापना की आवश्यकता महसूस हो रही थी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक ने बजाज एनर्जी समूह के एम.डी. विनय सिंह वनकोटी व सीईओ ए.एन. सार से कमल नयन जमनालाल बजाज फाउंडेशन की सहायता से पुलिस लाइन परिसर में एक जिम्नेजियम हॉल के निर्माण का अनुरोध किया। इस प्रस्ताव को कंपनी प्रबंधन ने तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया। इसके तुरंत बाद कमल नयन जमनालाल बजाज फाउंडेशन के हेड डा.अजय विक्रम सिंह और हरिभाई मौरी ने निर्माण कार्य की औपचारिकता पूरी करके निर्माण कार्य शुरू करा दिया।

करीब 18 लाख रूपए की लागत से बनाए गए इस जिम्नेजियम हॉल का लोकार्पण पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुश्ताक के कर कमलों से हुआ।

# ग्यारह अप्रैल से माँ अंजनी मेले का शुभारंभ

## मां अंजनी धर्मार्थ ट्रस्ट की बैठक सम्पन्न

## मां अंजनी मेले को भव्य एवम दिव्य रूप देने की रूप रेखा तय



**महरौनी (ललितपुर)।** महरौनी तहसील अंतर्गत ग्राम कुम्हैड़ी के अंजनी धाम में विराजित श्रीश्री 1008 अंजनी माता के चरणों में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 11 से 18 अप्रैल 2025 तक पारम्परिक मां अंजनी मेला महोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है। मेला को भव्य एवम दिव्य रूप प्रदान करने के लिए माँ अंजनी धर्मार्थ ट्रस्ट की एक बैठक आहूत की गई। बैठक में विगत 75 वर्षों से मेला महोत्सव के लिए प्रशासन द्वारा निर्धारित व्यवस्थाए जैसे स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा, जलकल व्यवस्था, सिंचाई विभाग, विद्युत व्यवस्था, खाद्य आपूर्ति, पुलिस व्यवस्था, फायर बिग्रेड एवं खण्ड विकास से सम्बन्धित समस्त प्रकार की सुविधायें प्रशासन द्वारा दी जाती रही है, जिनको लेकर बैठक में प्रस्ताव रखे गए एवं बैठक में निर्णय लिया गया कि मेला संयोजन हेतु प्रशासनिक स्वीकृति व प्रशासनिक सुविधाओं को सुनिश्चित कराने हेतु महरौनी उपजिलाधिकारी से भेंट भी की जाएगी। बताते चलें कि मेले में दूर दराज से पशु क्रय- विक्रय हेतु आते है व दूर दराज से भारी संख्या में दुकानदार अपनी अपनी दुकाने, झूला, बच्चो की ट्रेन, मौत का कुंआ, बच्चों के खेलने के विभिन्न प्रकार के झूले खिलौनों की आकर्षक दुकानें इत्याद मेले के मुख्य आकर्षण होते है। जिससे श्रद्धालुजनों माँ के दर्शन के साथ मनोरंजन एवं अपने जरुरत के समान क्रय करते हैं। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं द्वारा माँ के दरबार में जवारे व माँ के दर्शन हेतु जिले सहित अन्य प्रदेशों के भी श्रद्धालु जन पधारते है। मेला महोत्सव के अन्तर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रखला में रामलीला, लोकगीत, भजन संध्या व लोक नृत्य विशेष आकर्षण के साथ आयोजित किये जाएंगे। बैठक में विभिन्न सुविधाओं को लेकर माँ अंजनी धर्माध ट्रस्ट रजि. द्वारा आयोजित मेला को सफल सम्पन्न हेतु स्थानीय प्रशासन से पूर्ण सहयोग रखने की अपील की हैं। बैठक में मेला महोत्सव को सफल बनाने हेतु प्रमुख रुप से माँ अंजनी धर्मार्थ ट्रस्ट रजि. के प्रबंधक मुकेश श्रीवास्तव, दिनेश विदुआ, संन्तोष निरंजन नेता, संन्तोष पटेल काजू, धनीराम टिकरया, नीरज चतुर्वेदी शिक्षक, रामशरण दीक्षित, नारायन सिंह, ब्रजभूषण दीक्षित, रामरतन टिकरया, बलराम निरंजन, पूरन कुशवाहा, जालम कुशवाहा, मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र नायक, आनंद त्रिपाठी व धर्मेन्द्र राजा वारौन सहित ग्रामवासी व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# आओ स्कूल चलें हम....

## नवीन शैक्षिक सत्र में नामाकंन बढ़ाने पर जोर

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय से निकाली गयी जन-जागरूकता रैली




**ललितपुर।** नवीन शैक्षिक सत्र 2025-26 को लेकर पहली अप्रैल से परिषदीय विद्यालय खुल गये हैं। परिषदीय विद्यालयों में अधिक से अधिक नामाकंन कराने के लिए शासन के निर्देशानुसार प्रशासन काफी संजीदा है। विद्यालयों में नामाकंन को सकुशल तरीके से बढ़ाने के लिए गांव-गांव में जागरूकता अभियान शुरू किये जा रहे हैं। इसी क्रम में नवीन शैक्षिक सत्र के प्रथम दिवस पूर्व माध्यमिक विद्यालय नदनवारा में स्कूल चलो अभियान को लेकर जागरूकता रैली निकाली गयी। यह रैली विद्यालय से शुरू होकर गांव की गलियों से होकर निकाली गयी। रैली में शिक्षक-शिक्षिकाओं व छात्र-छात्राओं ने स्कूल चलो अभियान के तहत नारे लगाते हुये जयघोष किया। बच्चों ने गांव में निकाली गयी रैली के दौरान अभिभावकों से आह्वान किया कि वह अपने बच्चों को आवश्यक रूप से परिषदीय विद्यालय में नामाकंन करायें। पूर्व माध्यमिक विद्यालय नदनवारा की प्रधानाचार्या श्रीमती मनीषा बानो ने कहा कि अभिभावकों को आवश्यक रूप से अपने छह वर्ष की आयुवर्षता पूर्ण करने वाले बच्चों का विद्यालय में नामाकंन आवश्यक रूप से कराना चाहिए। बताया कि नामाकंन होने के बाद बच्चों को सरकार की ओर से गणवेश, जूता-मोजा के लिए आर्थिक मदद की जाती है। इसके अलावा मध्याह्न भोजन योजना के तहत मीनू के अनुसार सप्ताह के प्रत्येक दिवस में सुपाच्य भोजन बच्चों को वितरण किया जाता है। इसके अलावा पुस्तकें भी विद्यालय से ही निःशुल्क उपलब्ध करायीं जाती हैं, ताकि ग्रामीण अंचलों में भी शिक्षा का स्तर सुधारा जा सके। इस दौरान प्रधानाचार्या श्रीमति मनीषा बानो, सहायक अध्यापिका शिल्पी गुप्ता, अनुदेशक फरीदा खातून, अनुदेशक सरिता श्रीवास्तव, सहायक अध्यापक मनीष जैन मौजूद रहे।

## नेहरू नगर के युवक से बार क्षेत्र की युवती परेशान

**ललितपुर।** कस्बा बार अंतर्गत रहने वाली एक युवती ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसे ललितपुर के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी अनुराग चौहान आये दिन शादी करने के लिए दबाव बना रहा है। आरोप है कि उक्त व्यक्ति उसे ब्लैकमेल करते हुये झूठे मुकद्में में फंसाने की धमकी भी दे रहा है। बताया कि जब वह ललितपुर जाती है तो उसे गालियां देते हुये पूरे परिवार को जान से मारकर फेंक देने की धमकी देती है और आत्महत्या करने की भी धमकी दे रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 352, 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक सम्पन्न




**ललितपुर।** जनपद स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक एडीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक के साथ जनपद स्तर पर जीरो इफेक्ट एण्ड जीरो डिफेक्ट (जेड) कार्यशाला का भी आयोजन किया गया और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना अन्तर्गत बैंक स्तर में लम्बित आवेदन पत्रों के लिए अग्रणी जिला प्रबन्धक को लम्बित आवेदन पत्रों को शीघ्र अति शीघ्र निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया गया। नये औद्योगिक आस्थान बीघाखेत के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश लघु उद्योग इण्डस्टीज निगम को बैठक में उपस्थित न होने के कारण नोटिस देने के लिए निर्देशित किया गया। विभागीय योजनाओ की प्रगति पर अध्यक्ष द्वारा सन्तुष्टि व्यक्त की गयी। निवेश मित्र पोर्टल कोई भी आवेदन समय सीमा के उपरान्त नहीं पाया गया। विद्युत सम्बन्धी चन्देरा की समस्या स्वतन्त्र विद्युत फीडर चन्देरा के निर्माण कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में बिजनेस प्लान के अन्तर्गत शामिल किये जाने की सम्भावना है। औद्योगिक आस्थान चन्देरा में मियावाकी योजना के अन्तर्गत चन्देरा में पार्कों के अन्दर किये गये वृक्षारोपण को नियमित पानी प्रदान करने के लिए नगर पालिका को निर्देशित किया गया। अध्यक्ष द्वारा जनपद में और अधिक निवेश लाने हेतु उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाये ताकि रोजगार सृजन की सम्भावनायें और बढ़ सके। संचालन उपायुक्त उद्योग अतहर जमाल ने किया। बैठक में कमलेश सर्राफ, मुकेश जैन, अधिशासी अभियन्ता विद्युत, ईओ नगर पालिका, सहायक आयुक्त खाद्य, औषधि निरीक्षक, बांट माप अधिकारी, जिला अग्रणी प्रबन्धक, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, उद्यमी मित्र अन्य उद्यमी आदि मौजूद रहे।

# कार्यवाही न होने से नाराज प्रदर्शनकारियों ने कराया मुण्डन



**ललितपुर।** घंटाघर परिसर में नागरिक विकास मोर्चा, सनातनी संगठन के बैनर तले भूमि संरक्षण विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के विरोध में आंदोलन चल रहा है, जो कि अब भूख हड़ताल में तब्दील हो रहा है। यही नहीं, मुंडन कराने की भी घोषणा की गई थी, जिसके चलते आज मंगलवार को आन्दोलनकारियों ने मुंडन कराया है। जिससे आंदोलन और तेज होने की उम्मीद जताई जा रही है। नागरिक विकास मोर्चा के अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा ने आरोप लगाया कि भूमि संरक्षण विभाग में किसानों की योजनाओं में बंदरबाट किया जा रहा है, इससे किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कई योजनाएं तो कागजी बनकर रह गई हैं। इसके विरोध में घंटाघर परिसर में आंदोलन किया जा रहा है, इसके बाद भी जिला प्रशासन बेपरवाह बना हुआ है। इससे दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो पा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि एक अप्रैल से क्रमिक अनशन को भूख हड़ताल में बदला जा रहा है। साथ ही आंदोलनकारियों द्वारा मुंडन कराया जाएगा। इस मौके पर नागरिक विकास मोर्चा अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा, पार्षद एड.मनमोहन चौबे, हरपाल सिंह चंदेल, अवनीश कुमार सुलेरे, सच्चिदानंद गोलवानी, सुरेंद्र सिंह परमार, अभिषेक वाजपेई, सीताराम पटेल आदि उपस्थित रहे।

# दानी गर्ल्स स्कूल डिग्री गर्ल्स कॉलेज मार्ग में चौपाटी बनाने का नागरिकों ने किया जोरदार विरोध

**रायपुर,कासं.।** दानी गर्ल्स स्कूल डिग्री गर्ल्स कॉलेज मार्ग में बनाई जा रही चौपाटी का कई सालों से यहां के नागरिक एवं एनजीओ विरोध करते आए हैं। आज दिनांक 31 मार्च सोमवार के दिन दानी गर्ल्स स्कूल गेट के सामने भारी मात्रा में एकत्रित होकर एक बार फिर यहां के लोगों ने अपना विरोध दर्ज किया एवं रैली निकाली। सत्यमेव जयते फाउंडेशन के प्रदेश संयोजक कन्हैया अग्रवाल ने कहा महापौर श्रीमती मीनल चौबे द्वारा काम बंद करने के आदेश दिए गए थे, परंतु बड़े लोगों के संरक्षण में चौपाटी निर्माण लगातार जारी है।

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अजीत आनंद डिगवेकर ने चौपाटी बनाए जाने से तालाब, वेटलैंड एवं पर्यावरण को होने वाले नुकसान पर प्रकाश डाला। बुढ़ापारा के वरिष्ठ नागरिक दीपक शर्मा ने चौपाटी की छत से दानी गर्ल्स स्कूल के बाथरूम एवं हॉस्टल नजर आने से बहन बेटियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े किए। वरिष्ठ नागरिक चंद्रशेखर गायकवाड ने जरूरत होने पर यह लड़ाई कोर्ट तक ले जाने की बात करी। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता अनुभव चरण शुक्ल ने नागरिकों को पर्यावरण सुरक्षा का अपना मूल कर्तव्य याद दिलाया। ग्रीन आर्मी रायपुर अध्यक्ष, गुरमीत टुटेजा ने विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के संतुलन पर जोर दिया। इस मौके पर सत्यमेव जयते फाउंडेशन, हर की पौड़ी ग्रुप, पूर्व सभापति प्रमोद दुबे, छाया पार्षद राहुल तिवारी, मोहन वरलियानी, सुनील बंसल, आकांक्षा शुक्ला, गोलू नायक, संयम अग्रवाल, शरद गुप्ता, मनोज पाल, शंकर सिंह, सुशील बरोरे ,प्रतीक तिवारी, सागर वाकडे, अभिषेक कसार, राजेंद्र जैन, सुरेश बाफ्ना एवं स्थानीय निवासी मौजूद रहे ।

# खारून नदी के किनारे खुदाई में मिले पुरातात्विक अवशेष

**रायपुर,कासं.।** राजधानी रायपुर के रायपुरा डीपरापारा इलाके में खारून नदी के किनारे खुदाई के दौरान छठी से चौदहवीं शताब्दी के पुरातत्व अवशेष मिले हैं। यह खोज बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि यहां से सिल्लबट्टा, धान कूटने का बहाना, मिट्टी के बर्तन और बड़े पत्थरों से बने मूसल जैसे ऐतिहासिक सामान बरामद किए गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्थान प्राचीन रायपुर का असली केंद्र हो सकता है जहां कभी बाजार भी लगता होगा। यहां से मिले कुछ अवशेष सिरपुर की खुदाई में मिले अवशेषों से मेल खाते हैं जो इस स्थान के ऐतिहासिक महत्व को और मजबूत करता है। यह अवशेष तब सामने आए जब निजी जमीन के मालिक ने ट्रैक्टर और मशीनों से जमीन समतल करने का काम शुरू किया। खुदाई के दौरान जब बड़ी संख्या में ऐतिहासिक अवशेष मिले, तो कुछ ड्राइवरों ने इन्हें किनारे रख दिया लेकिन जमीन मालिक ने प्रशासन और पुरातत्व विभाग को सूचना नहीं दी। जब स्थानीय लोगों और मीडिया के माध्यम से यह खबर फैली, तब जाकर पुरातत्व विभाग को इसकी जानकारी मिली।

# असामाजिक तत्वो ने दुकान में लगाई आग

**रायपुर।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम टेकारी में अज्ञात असामाजिक तत्वों ने लोगों की शांति भंग कर दी है। यह एक महीने के भीतर तीसरी घटना है। पहले, नकाबपोशों ने दिनदहाड़े एक नाबालिग और एक युवक से मोबाइल लूट लिया था, और अब, रविवार की रात को अज्ञात व्यक्ति ने एक होटल और फल दुकान को आग के हवाले कर दिया। हालांकि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन बिजली विभाग को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। जानकारी के अनुसार, परदेसी राम साहू, जो पिछले एक दशक से टेकारी मंदिर कॉलोनी में होटल चला रहे हैं, रविवार शाम 7 बजे होटल बंद कर अपने घर चले गए थे। रात करीब 1 बजे अज्ञात शख्स ने होटल में आग लगा दी।

# संक्षिप्त समाचार

## अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर,कासं.।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में श्रीनगर खमतराई निवासी संदीप यदू 42 वर्ष ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचएन 5621 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में सेक्टर 3 देवेन्द्र नगर निवासी दीप्ति सहाय 40 वर्ष ने सिविल लाइन थाना में शिकायत की, कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 डीवाय 4574 को पंडरी स्थित शिवम शोरूम के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 7 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## हिरोइन चिट्टा के साथ एक्टिवा सवार युवक गिरफ्तार

**रायपुर,कासं.।** कबीरनगर पुलिस ने रिंग रोड नंबर 2 स्थित कान्हा ढाबा के पास हीरोइन चिट्टा के साथ एक एक्टिवा सवार युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकिरी के अनुसार कबीरनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रिंग रोड नंबर 2 स्थित कान्हा ढाबा के पीछे दबिश देकर आरोपी तलजिंदर सिंह 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। उसके पास एक्टिवा में रखे 6.24 ग्राम हिरोइन चिट्टा जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

**प्रतिबंधित सीरप के साथ युवक गिरफ्तार**

रायपुर, 01 अप्रैल (आरएनएस)। खमतराई पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली कोरेक्स सीरप के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 37 नग सीरप जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खमतराई के बाजार में दबिश देकर आरोपी प्रसांत वाहने 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 37 नग कोरेक्स सीरप जब्त किया है।

# जिले के स्कूलों में मनाए गए प्रवेशोत्सव

**एमएलबी कन्या स्कूल में पूर्व विधायक श्री गोयल एवं कलेक्टर श्रीमती चौहान ने, बालिकाओं का पुष्पाहारों से किया स्वागत, पुस्तकों के सैट भी सौंपे, पूर्व विधायक श्री गोयल ने कहा लक्ष्य निर्धारित कर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें, कलेक्टर श्रीमती चौहान बोलीं अनुशासन के साथ करें मेहनत, आप भी बन सकती हैं कलेक्टर व एसपी**




**ग्वालियर।** स्कूल चलें अभियान के तहत अप्रैल माह के पहले दिन ग्वालियर जिले के सरकारी स्कूलों में भी प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुए। मुरार स्थित शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रवेशोत्सव में पूर्व विधायक श्री मुन्नालाल गोयल एवं कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय की नव प्रवेशी बालिकाओं का पुष्पाहारों से स्वागत कर उन्हें पाठ्य पुस्तकों के सैट सौंपे। पूर्व विधायक श्री मुन्नालाल गोयल ने इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित करें और आत्मविश्वास रखकर लक्ष्य प्राप्ति के लिये कड़ी मेहनत करें। ऐसा करने से सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने छात्राओं का आह्वान किया कि ऊँचे सपने देखो और उन्हें हासिल करने के लिये अनुशासन के साथ प्रयास करें। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि लगन, मेहनत व समय का सदुपयोग कर आगे बढ़ेंगे तो निश्चित ही आप सब में से कोई आगे चलकर ग्वालियर का कलेक्टर व एसपी बन सकता है। उन्होंने सफलता के मंत्र बताते हुए कहा कि समय का सदुपयोग सबसे महत्वपूर्ण है। इसलिए प्रतिदिन सायंकाल आत्म मंथन करें कि आज हमने अपने समय का कहां-कहां उपयोग किया और पढ़ाई में समय का इससे बेहतर उपयोग कैसे कर सकते हैं। श्रीमती चौहान ने कहा कि प्रशासन, चिकित्सा, कानून, पत्रकारिता, उद्यमिता, कला, वैज्ञानिक इत्यादि क्षेत्रों में से अपना लक्ष्य चुनें और उसे हासिल करने के लिये प्राणपण से जुट जाएँ। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने आह्वान किया कि सभी छात्रायें यह संकल्प लें कि पिछली साल हमने पढ़ाई के लिये जो मेहनत की थी, उससे दोगुनी मेहनत मौजूदा साल में करेंगे। साथ ही गुरुजनों से अपनी शंकाओं व प्रश्नों का समाधान प्राप्त करने में झिझकें नहीं, उनसे खुलकर सवाल पूछें। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ कुछ समय अपने शरीर की मजबूती के लिये व्यायाम व खेलों के लिये भी निकालें। इससे शरीर दिनभर ऊर्जावान रहेगा और आप सब पढ़ाई भी ठीक ढंग से कर सकेंगे। श्रीमती चौहान ने यह भी कहा कि अपने गुरुजनों व माता-पिता के प्रति सदैव सम्मान का भाव रखें। यदि टीचर किसी बात को लेकर डाँटें तो बुरा न मानें, इसे सकारात्मक रूप में लेकर अपनी कमियाँ सुधारने का प्रयत्न करें।

आरंभ में अतिथियों ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री अजय कटियार, सहायक संचालक स्कूल शिक्षा श्रीमती पुष्पा ढोंड़ी, राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल से आए श्री आशीष भारती तथा विद्यालय के शिक्षकगण व विभिन्न कक्षाओं की बालिकायें मौजूद थीं।

# अतिक्रमण कर रखी गई अवैध गुमटी को हटाया



**ग्वालियर।** नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात एवं नागरिकों की सुविधा के लिए निरंतर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। मदाखलत अधिकारी श्री केशव सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्री सिंघ प्रिय के निर्देशानुसार उपायुक्त सत्यपाल सिंह चौहान के निर्देशन में शहर में सुगम यातायात हो इसके लिए प्रतिदिन यातायात में बाधक अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत ग्वालियर पूर्व विधानसभा अंतर्गत प्राप्त शिकायत के आधार पर वार्ड क्रमांक 27 हनुमान मंदिर के पीछे बैंक ऑफ बड़ौदा के पास मथुरा प्रसाद का बंगला बारादरी हुरावली मुरार में अवैध पंचर की गुमटी को हटवाया जाकर शिकायत का निराकरण कराया गया। उक्त कार्रवाई में मदाखलत निरीक्षक श्री विशाल जाटव दल (ग्रामीण ) एवं मदाखलत अमला उपस्थित रहा।

# दुग्ध उत्पादन में सहकारिता बढ़ाएं, दुग्ध उत्पादक समितियों और संघों को भी दें प्रोत्साहन : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल ।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश को दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए दुग्ध उत्पादन में सहकारिता बढ़ाएं। इस काम के लिए गांव-गांव में उपलब्ध दुग्ध उत्पादक समितियों और दुग्ध उत्पादकों संघों को भी जोड़कर उन्हें प्रोत्साहन दें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य में आगामी 13 अप्रैल को नीमच में राज्य स्तरीय सहकारी दुग्ध उत्पादक (गोपाल) सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में राज्य शासन एमपीसीडीएफ, दुग्ध संघों एवं राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य सहकार्यता अनुबंधों का निष्पादन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में 13 अप्रैल को नीमच में होने वाले सम्मेलन की प्रारंभिक तैयारियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए स्व-सहायता समूहों के फेडरेशन, दुग्ध महासंघ, राष्ट्रीय डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड व दूध उत्पादन से जुड़ी अन्य संस्थाओं को एक मंच में लाकर इनसे मार्गदर्शन लेकर आगे बढ़ें। जैविक उत्पादों सहित गौवंश जनित उत्पादों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें, जिससे इन उत्पादों को समुचित बाजार मिले और इसका सबसे अधिक दुग्ध उत्पादकों को हो। बैठक में पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल, प्रमुख सचिव पशुपालन श्री उमाकांत उमराव, सचिव पशुपालन श्री सतेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सरकार द्वारा दुग्ध उत्पादन पर पांच रूपए प्रति लीटर बोनस राशि का वितरण दुग्ध उत्पादक समितियों/दुग्ध उत्पादक संघों को देने पर विचार-विमर्श किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दूध उत्पादन में सहकारिता से अच्छे परिणाम सामने आएंगे। उन्होंने कहा कि नीमच में होने वाले सम्मेलन में नीमच सहित उज्जैन संभाग के सभी जिलों की दुग्ध उत्पादक समितियों/संघों को आमंत्रित किया जाए। बैठक में पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री श्री लखन पटेल ने बताया कि सम्मेलन में आचार्य विद्यासागर जीवदया (गौसेवा) सम्मान योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय चयनित तीन गौशालाओं को संस्थागत श्रेणी के तीन पुरस्कार एवं चार संस्थाओं को सांत्वना पुरस्कार सहित गौसेवा के लिए व्यक्तिगत श्रेणी के तीन पुरस्कार भी मुख्य अतिथि द्वारा प्रदान किए जाएंगे।

साथ ही राज्य स्तरीय देसी नस्ल की गायों की दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता के आधार पर चयनित तीन पुरस्कार एवं भारतीय नस्ल की गायों की दुग्ध उत्पादन प्रतियोगिता के आधार पर चयनित दुग्ध उत्पादकों को भी तीन पुरस्कार दिए जाएंगे। प्रमुख सचिव पशुपालन श्री उमाकांत उमराव ने बताया कि प्रदेश स्तरीय दुग्ध उत्पादक सम्मेलन में प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। प्रदर्शनी में ब्रीडिंग की नवीन तकनीकों का प्रदर्शन होगा। इसमें सार्टेड सीमन, एम्ब्रियों ट्रांसफर टेक्नोलॉजी (इटीटी) एवं गौ-चिप जैसी नई तकनीकों का विशेष रूप से प्रदर्शन किया जाएगा।

# स्कूल चलें हम अभियान के तहत ग्वालियर जिले में भी 2 अप्रैल को होंगे भविष्य से भेंट कार्यक्रम

**स्कूलों में बच्चों का मार्गदर्शन करने पहुँचेंगे जनप्रतिनिधि, प्रबुद्धजन व वरिष्ठ अधिकारी**

**ग्वालियर।** स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन 2 अप्रैल को ग्वालियर जिले के सरकारी स्कूलों में ÷भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित गणमान्य नागरिक प्रेरक के रूप में स्कूलों में पहुँचकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, जिला प्रशासन व पुलिस अधिकारियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। आमंत्रित अतिथिगण स्कूलों में उपस्थित बच्चों को पढ़ाई के महत्व और प्रेरणादायी कहानियाँ सुनायेंगे। इस दौरान सामाजिक संस्था एवं आमंत्रित व्यक्ति स्वैच्छा से विद्यार्थियों को शाला उपयोगी वस्तुएँ भेंट कर सकेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय की कुलगुरू भविष्य से भेंट के तहत शासकीय कन्या पद्मा राजे उमावि कम्पू, रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव श्री नवल शुक्ला शासकीय गजराराजा कन्या उमावि कम्पू, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती गायत्री गुर्जर व सुश्री स्नेहलता चंदेल शासकीय कन्या महारानी लक्ष्मीबाई उमावि मुरार, इंडियन मेडीकल एसोसिएशन की सचिव श्रीमती स्नेहलता दुबे शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्र.-1 मुरार, इंडियन मेडीकल एसोसिएशन के डॉ. अरविंद मित्तल शासकीय बालक उमावि क्र.-2 मुरार, शिक्षक ललित कला संकाय श्रीमती निहारिका सिंघल व श्री ओ पी माहौर शासकीय सीएम राइज कन्या उमावि किलागेट रोड, वरिष्ठ पत्रकार एनडीटीवी श्री देव श्रीमाली शासकीय सीएम राइज पटेल उमावि हजीरा एवं संपादक पीपुल्स समाचार श्री अर्पण राउत शासकीय बालक उमावि गोरखी में बच्चों का मार्गदर्शन करने पहुँचेंगे। इनके अलावा जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों सहित लगभग 20 अधिकारी जिले के विभिन्न स्कूलों में भविष्य से भेंट के तहत बच्चों का मार्गदर्शन करने पहुँचेंगे।

# जिले के 5 और पेट्रोल पंपों पर 7 शक्ति दीदियाँ संभालेंगीं फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी

**कलेक्टर, एसपी एवं जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी पेट्रोल पंपों पर पहुँचकर करेंगे, शक्ति दीदियों का उत्साहवर्धन, जिले में पहले से ही 19 पेट्रोल पंपों पर 28 शक्ति दीदियां संभाल रही हैं यह जिम्मेदारी**

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप महिला सशक्तिकरण की दिशा में ÷शक्ति दीदी÷ के नाम से हुई प्रेरणादायी पहल से जरूरतमंद महिलाओं को लगातार सहारा मिल रहा है। जरूरतमंद महिलाओं को पेट्रोल पंपों पर फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में जिला प्रशासन द्वारा नौकरी दिलाई जा रही है। बुधवार 2 अप्रैल को ÷शक्ति दीदी÷ पहल के तहत 7 और जरूरतमंद महिलाओं को फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी मिलने जा रही है। ज्ञात हो शक्ति दीदी के तहत पहले से ही शहर में 28 महिलाएं यह भूमिका सफलतापूर्वक निभा रही हैं। बुधवार को 7 और महिलाओं के जुड़ जाने से जिले में शक्ति दीदियों की संख्या 35 हो जायेगी। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह सहित जिला प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी विभिन्न पेट्रोल पंपों पर पहुँचकर महिलाओं को ÷शक्ति दीदी÷ के रूप में फ्यूल डिलेवरी वर्कर की जिम्मेदारी दिलायेंगे। साथ ही उनका उत्साहवर्धन करेंगे। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक 2 अप्रैल को प्रातः 11.30 बजे सचिन तेंदुलकर मार्ग पर डीबी सिटी के सामने स्थित साँई हरीलीला पेट्रोल पंप पर सुश्री भावना बघेल व सुश्री मोहिनी मंडेलिया एवं दोपहर 12 बजे नवीन जिला पंचायत के पास स्थित वैश्य एण्ड मुखर्जी पेट्रोल पंप पर सुश्री रजनी नामदेव को फ्यूल डिलेवरी वर्कर के रूप में शक्ति दीदी की जिम्मेदारी सौंपेंगे। इसी तरह जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार व एसडीएम डबरा श्री दिव्यांशु चौधरी डबरा स्थित विजय डीलक्स पंप पर सुश्री गांधारी बाथम व सुश्री खुशी सुबानी एवं एसडीएम श्री दिव्यांशु चौधरी डबरा में ही पारशनाथ फिलिंग पेट्रोल पंप पर सुश्री सीमा शाक्य को शक्ति दीदी की जिम्मेदारी सौंपेंगे। संयुक्त कलेक्टर श्री संजीव जैन दोपहर 1.30 बजे भिण्ड रोड स्थित शारदा फ्यूल पेट्रोल पंप पर सुश्री आरती राठौर को फ्यूल डिलेवरी वर्कर का दायित्व सौंपेंगे।

# खाद्यान्न वितरण में ग्वालियर प्रदेश के अग्रणी जिलों में, लगातार पाँचवे माह तृतीय स्थान हासिल किया

**ग्वालियर।** उचित मूल्य की दुकानों से पात्रता पर्चीधारी उपभोक्ताओं को खाद्यान्न वितरित करने मे ग्वालियर जिला प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल है। लगातार पाँचवे महीने में ग्वालियर जिला खाद्यान्न वितरण में प्रदेश में तीसरे स्थान पर आया है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने खाद्यान्न वितरण व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को और प्रयास कर जिले को पहले स्थान पर लाने के निर्देश दिए। मार्च माह में जिले का खाद्यान्न वितरण 97.45 प्रतिशत रहा है। जिले में 2 लाख 83 हजार 286 पात्र परिवार है। इनमें से 2 लाख 76 हजार 80 परिवारों को मार्च माह में उचित मूल्य की दुकानों से खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया है।

# कलेक्ट्रेट की जन-सुनवाई में 107 लोगों की समस्याओं की हुई सुनवाई



**ग्वालियर।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट में हुई जन-सुनवाई में 107 लोगों की समस्यायें सुनी गईं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार, अपर कलेक्टर श्री कुमार सत्यम, एडीएम श्री टी एन सिंह तथा संयुक्त कलेक्टर श्री सुरेश कुमार बरहादिया व श्री संजीव जैन सहित जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों ने एक क्ङ एक कर सभी आवेदकों की समस्यायें सुनीं और उनके आवेदनों के निराकरण की रूपरेखा तय की। जन-सुनवाई में प्राप्त हुए 107 आवेदनों में से 49 दर्ज किए गए। शेष 58 आवेदन संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को सीधे ही निराकरण के लिये दिए गए। सभी अधिकारियों को समय-सीमा में आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जन-सुनवाई में राजस्व, नगर निगम, बिजली इत्यादि से संबंधित समस्यायें प्राप्त हुईं। जमीन संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश सभी एसडीएम को दिए गए।जनसुनवाई में मदद की आस में पहुँचे जरूरतमंदों के निःशुल्क इलाज का इंतजाम भी कराया।

# स्कूलों में मनाया गया प्रवेश उत्सव माला पहनाकर किया स्वागत





**झुण्डपुरा।** मध्यप्रदेश में सरकारी स्कूलों में नया शिक्षण सत्र आज 1 अप्रैल से प्रारंभ होने के अवसर पर संकुल केन्द्र शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झुण्डपुरा एवं कन्या हाईस्कूल संकुल अन्तर्गत प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालयों सहित हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस बार प्रवेश उत्सव में आचार संहिता के कारण जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था। प्रवेश उत्सव को लेकर सभी स्कूलों में तैयारियां की गई हैं। राज्य शिक्षा केंद्र ने कक्षा पहली से 12वीं तक के बच्चों को शैक्षणिक सत्र के पहले माह में क्या और कैसे पढ़ाना है इस बारे में सभी को निर्देश जारी किए हैं। इसके अन्तर्गत सभी प्राथमिक माध्यमिक हाईस्कूल हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में छात्र छात्राओं के साथ प्रवेशोत्सव मनाया गया पहले विद्यालय के कक्ष सहित परिसर की साफ-सफाई की गई तथा सभी कमरों को सजाया गया तथा छात्र छात्राओं को रोली तिलक लगाकर फूलमाला पहनाकर स्वागत किया तथा शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई तथा छात्र छात्राओं को विशेष भोजन खीर पूड़ी-सब्जी दिया गया तथा विधालय में कक्षाएं संचालित की गई।इस अवसर पर वार्डन लक्ष्मी शाक्य ने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में बालिकाओं को तिलक लगाकर माला पहनाकर प्रवेश उत्सव मनाया गया।इस अवसर पर प्राचार्य लोकेन्द्रसिंह जाटव, अशोक कुमार गौड़ शुभरात्री खान शैलेन्द्र सिंह नरेंद्र शाक्य अनिल शर्मा दीपेंद्र पाराशर धर्मेन्द्र मीणा भोलेराम मांझी रामप्रकाश शाक्य सुरेन्द्र कुमार बनवारी लाल रामनरेश शर्मा विनोद सविता रविन्द्र जाटव सहित समस्त शाला प्रमुख सुनीता मांझी मातादीन रावत रामहेत जाटव सुरेन्द्र मुदगल मोनू शर्मा संतोषी लाल,भवंर व्यास विध्याराम पवन शर्मा रविकांत शर्मा सुरेन्द्र दर्शनलाल सहित समस्त प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

# सबलगढ़ रानी ताल पर चलाया सफाई अभियान



**सबलगढ़।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सबलगढ़ की समन्वयक श्रीमती वंदना सागर के नेतृत्व में नवांकुर संस्थाओं अन्नपूर्णा देवी शिक्षा समाज एवं सांस्कृतिक समिति सबलगढ़ ग्राम विकास प्रसफुटन समिति झुंडपुरा,सत्यवती पर्यावरण जागरूकता,पातीराम शिक्षा प्रसाद समिति ईश्वर सिंह शिक्षा प्रसार समिति,के प्रभारी एवं सह प्रभारी एमसीएमसी डीपी के छात्रों एवं छात्राओं के द्वारा सबलगढ़ की रानी ताल पर जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब के किनारो पर सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें किनारे पर कचरे के डॉन कपड़ों चढ़ाए हुए नारियलों पॉलिथीन और विभिन्न प्रकार के कचरे का निस्तारण कर साफ सफाई की,जल संरक्षण के अभियान का उद्देश्य अपने प्राचीन जल स्त्रोतों को स्वच्छ साफ एवं निर्मल करने हेतु मध्य प्रदेश शासन की मनसा अनुसार कार्यक्रम किया गया नगर पालिका सबलगढ़ पूर्ण सहयोग रहा कार्यक्रम में संस्था प्रभारी शशिकांत मरैया, धर्मेन्द्र राठौर, योगेन्द्र सिंह जादौन,मुनेन्द्र सिंह जादौन, अखलेश सिंह सह प्रभारी धीरज सिंह जादौन, महेश नारोलिया, मुकेश जाटव,वर्षा जादौन, ओमवती जाटव, एवं नगर पालिका योजना प्रभारी मयंक शर्मा एवं छात्र शिवम श्रीवास, चंचल, अजय शाक्य, शिवानी वर्मा आदि छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

# जिगनी हाई स्कूल में मना प्रवेश उत्सव,कोई भी बालक,बालिका नहीं रहे प्रवेश से वंचित : देवेंद्र सिंह तोमर



**मुरैना,कांस।** शिक्षण शत्र 2025- 26 का प्रवेश उत्सव शासकीय हाई स्कूल जिगनी पर संपन्न हुआ मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रामनरेश दंडोतिया एवं जनक सिंह रावत ने प्रेस को दी गई विज्ञप्ति में बताया कि शासकीय हाई स्कूल जीवनी मैं प्राचार्य हरेंद्र सिंह सिकरवार के मार्गदर्शन में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर के सुपुत्र श्री देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर (रामू भैया) अध्यक्षता ब्लॉक शिक्षा अधिकारी त्रिपाठी जी ने की मुख्य अतिथि द्वारा छात्र-छात्राओं पलकों एवं आसपास के उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन जीने का एक महत्वपूर्ण एवं विशेष महत्व है आज के कंप्यूटर युग में व्यक्ति शिक्षा के बिना आधा अधूरा है अपना कोई भी काम नहीं कर सकता एवं बच्चों को पास के विद्यालयों में नामांकित करवाये जिससे सरकार अनेक योजना चल रही है कोई भी बालक बालिका प्रवेश से ना छूटे यह सरकार का संकल्प है 0 से 14 वर्ष के बालक बालिका को निशुल्क शिक्षा देना है आपको हमें सबको मिलकर पूरा करना है शिक्षकों को भी अपना दायित्व निभाना है सरकार आपकी समस्याओं के लिए आपके साथ है आप अपना कर्तव्य करें आपके अधिकारों की चिंता करना हमारा काम है मंच संचालन कर रहे निरंजन सिंह गुर्जर ग्वालियर ने बेहतरीन मंच संचालन किया इस अवसर पर रामनरेश दंडोतिया एवं प्राचार्य हरेंद्र सिंह सिकरवार ने ग्रामीणों से अपील की अधिक से अधिक बच्चों का शाला में प्रवेश कराये और सरकार द्वारा दी जा रही निशुल्क पुस्तक वितरण छात्रवृत्तियों,साइकिल वितरण सहित अनेक योजनाओं का लाभ ले इस अवसर पर जींगनी संकुल के अंतर्गत सभी संस्था प्रमुख सरपंच जींगनी,रामपुर,मीरपुर, सुर्जनपुर उपस्थित रहे जींगनी सरपंच द्वारा हाई स्कूल को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में परिवर्तन हेतु क्षतिग्रस्त भवन को नष्ट कर द्वारा नई बिल्डिंग बनाने के लिए निवेदन किया गया विधानसभा अध्यक्ष के पुत्र देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर, रामू भैया द्वारा आश्वासन दिया गया कि आपकी सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा अगली बार में आऊंगा आपकी कोई समस्या नहीं रहेगी इस अवसर पर गुड्डू खान, नरेंद्र राजोरिया, शंभू दयाल दंडोतिया, मुकेश तिवारी, नवनीत दंडोतिया, नुही खान, सहित क्षेत्र के सभी कर्मचारी ग्रामीण एवं बालक बालिका उपस्थित रहे।

# जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यक्रम के लिये जिला सीईओ नोडल और सहायक नोडल अतिरिक्त जिला सीईओ होंगे

**मुरैना,कांस।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग भोपाल के आदेशानुसार प्रदेश के साथ-साथ मुरैना जिले में भी 30 मार्च से 30 जून 2025 तक जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत समाज की भागीदारी और विभिन्न सहभागी विभागों की समेकित पहल से नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण, भू-जल संवर्धन, पूर्व से निर्मित जल संरचनाओं की साफ-सफाई व जीर्णोद्धार/मरम्मत, जल स्त्रोतों में प्रदूषण के स्तर को कम करने एवं मानसून में किये जाने वाले पौध रोपण की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुये उक्त कार्य किये जाने हैं। संपूर्ण कार्यक्रम के लिये कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव को नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल के रूप में अतिरिक्त जिला सीईओ आर.के. गोस्वामी को नियुक्त किया है।

# प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजित हुआ



**मुरैना,कांस।** शासन के आदेश अनुसार स्कूल चले हम अभियान 2025 के तहत 1 अप्रैल 20 25 को शासकीय प्राथमिक विद्यालय बावड़ी संकुल केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागचीनी में एक प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का आरंभ हुआ जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष पवन सिंह परिहार ने छात्र एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप नियमित विद्यालय आए तथा शासन की सभी योजनाओं का लाभ लें इस अवसर पर सभी नवीन छात्र एवं छात्राओं को रोरी का तिलक लगाकर माला पहनाकर निशुल्क पुस्तक वितरण कर स्कूल चलो अभियान मनाया गया इसके अंतर्गत सभी छात्राओं को सुरुचि मध्यान भोजन भी कराया गया इस सर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहा।

**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं. C/JHS/158/GWL/WVMs/e-Auction/2025 दिनांकः 28.03.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य)-झाँसी** द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती हैः-

**श्रेणीः** Misc-Static-Service-Water Vending Machines

**केटलोग संख्याः** WVM-GWL-02-25

**एसेट्स डिटेल्सः** झाँसी मंडल के ग्वालियर रेलवे स्टेशन पर वाटर वेंडिंग मशीन के ठेके हेतु ई-नीलामी। **यूनिट्स (स्टेशन)ः** 03-यूनिट-(ग्वालियर रेलवे स्टेशन), **प्लेटफार्म एवं लोकेशनः 1.** प्लेटफॉर्म-1- एक मशीन आउट्वर्ड पार्सल ऑफिस के निकट आगरा छोर। **2.** प्लेटफॉर्म-2/3- एक मशीन वाटर बूथ एवं ओ.एस.ओ.पी. के मध्य आगरा छोर। **3.** प्लेटफॉर्म-4- एक मशीन वाटर सी.ओ.पी. स. 8 एवं सी.ओ.पी. सं. 9 के मध्य वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी छोर।

**ई नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समयः** दिनांकः 15.04.2025 को समय- 10.30 से

**ई नीलामी समाप्त होने की तिथि व समयः** दिनांकः 15.04.2025 को समय- 11.00 तक

**नोटः** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट www.ireps.gov.in के e-Auction Module के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है।

567/25 FA

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# 'मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा' प्रारम्भ करने की स्वीकृति

## शासकीय सेवकों को देय विभिन्न भत्तों के पुनरीक्षण का निर्णय, छतरपुर में माता बम्बरबैनी प्राचीन मंदिर स्थल पवित्र क्षेत्र घोषित, मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रि-परिषद की बैठक मंत्रालय में सम्पन्न हुई। मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश में नगरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों के साधारण और ग्रामीण मार्गों में संगठित, सुविधाजनक एवं सुरक्षित यात्री परिवहन बस सेवायें उपलब्ध कराने के लिए ÷मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा÷ प्रारम्भ करने की स्वीकृति दी गई। प्रदेश में ग्रामीण एवं साधारण मार्गों का ट्रैफिक एवं मार्ग सर्व तथा बसों की फ्रीक्वेन्सी निर्धारित करते हुये एक व्यवस्थित प्लानिंग अनुसार यात्री बसों को चलाया जायेगा। मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश राज्य में सुगम सुरक्षित एवं विनियमित यात्री परिवहन सुविधा, निजी क्षेत्र के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

यात्री परिवहन सेवा की प्रारम्भ करने के लिए 101 करोड 20 लाख रुपये की अशंपूजी के रूप में स्वीकृति प्रदान की गई। इसके लिए राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी के गठन की स्वीकृति भी दी गई है। वर्तमान में मध्यप्रदेश के 20 शहरों में सार्वजनिक परिवहन हेतु कंपनी एक्ट के तहत स्क्क्ष्ह्य गठित हैं, जिसमें से 16 कार्यरत हैं। उक्त समस्त कंपनियों को 7 संभागीय कंपनियों के रूप में मर्ज किया जावेगा। उक्त सात कंपनियों के एकीकृत नियंत्रण के लिए राज्य स्तर पर कंपनीज एक्ट 2013 के तहत एक होल्डिंग कंपनी का गठन जायेगा। साथ ही त्रि-स्तरीय संरचना के तहत दायित्व निर्वहन और सात क्षेत्रीय सहायक कंपनियों में राज्य स्तरीय होल्डिंग कंपनी के 51 प्रतिशत शेयर बहुसंख्यक आधार पर निवेश करने एवं सात सहायक कंपनियों के बोर्ड और उसके आर्टीकल ऑफ एसोसिएशन में आवश्यक संशोधन की स्वीकृति, रीवा एवं ग्वालियर के लिए वर्तमान प्रचलित कंपनी को बंद करते हुए नवीन क्षेत्रीय कंपनी गठित करने की स्वीकृति प्रदान की गई। इन क्षेत्रीय सहायक कंपनियों का गठन, संबंधित संभागीय मुख्यालयों में स्थित सिटी बस ट्रांसपोर्ट की वर्तमान कंपनी में संशोधन कर, निर्मित करने की स्वीकृति दी गई। जिला स्तरीय यात्री परिवहन समिति के गठन की स्वीकृति भी प्रदान की गई।

म.प्र. मोटरयान नियम 1994 के नियमों में आवश्यक संशोधन एवं वांछित प्रावधान करने की सैद्धांतिक स्वीकृति दी गई। इसके लिए प्रशासकीय विभाग द्वारा पृथक से विधि अनुसार कार्यवाही की जायेगी। सात सहायक कंपनियों की सुसंगत पूर्ववर्ती सिटी ट्रान्सपोर्ट कंपनियों द्वारा परिवहन संबंधी दायित्व के निर्वहन के लिए, जो चल-अचल संपति उपयोग में आ रही है, वे यथावत इन कपंनियों के आधिपत्य में रहेंगी। इसी प्रकार नगर-निगम, प्राधिकरण आदि द्वारा स्वयं की निधि से तैयार किये गये बस टर्मिनल, बस स्टैण्ड, बस स्टॉप आदि, होल्डिंग कंपनी के सामंजस्य से उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं यात्री सुविधा के लिए विकसित किए जाऐंगे। वर्तमान सिटी बस कंपनियों के कार्यालय भवन का उपयोग नवीन सहायक कंपनियां यथावत करती रहेंगी। कार्यालय की ऐसी अचल सपंतियां, जो नगरीय निकाय निधि से अर्जित या निर्मित हैं, उनका मूल्यांकन पृथक से किया जाकर, राशि की प्रतिपूर्ति परिवहन विभाग ?द्वारा की जायेगी। नवीन गठित होने वाली राज्य स्तरीय कंपनी को नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा पुर्नघनत्वीकरण नीति 2022 के तहत पर्यवेक्षण एजेंसी के रूप में शामिल किया जायेगा।



÷मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा÷ संचालन के लिए बस परिवहन अधोसंरचना के तहत पब्लिक प्रायवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) प्रक्रिया से उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं मापदण्डों का यात्री एवं बस ऑपरेटर के लिए सुविधाओं का निर्माण किया जायेगा। बस संचालन एवं संधारण के लिए पीपीपी मो? प्रक्रिया से, निजी बस ऑपरेटर्स को, संगठित रूप से एक पारदर्शी प्रक्रिया के तहत, दक्ष आई.टी. प्लेटफार्म के माध्यम से विनियमित किया जायेगा। आई.टी. टेक्नालॉजी साल्यूशन की स्थापना करते हुए समस्त बस ऑपरेशन्स पर प्रभावी निगरानी रखी जायेगी। इसके तहत सेवा स्तर समझौता (सर्विस लेवल अग्रीमेंट) और प्रमुख प्रदर्शन संकेतक (की परफॉर्मेंस इंडिकेटर) पर प्रभावी नियंत्रण रखा जायेगा, जिससे बस ऑपरेशन यात्रियों के लिए सुविधाजनक एवं सुरक्षित हो सके। होल्डिंग कंपनी द्वारा एक कुशल आई.टी. प्लेटफार्म स्थापित करते हुये उस पर नोटीफाइड रुट अनुसार निजी बस ऑपरेटर्स को अनुबंधित किया जायेगा। होल्डिंग कंपनी मुख्यतः आई.टी. प्लेटफार्म के माध्यम से यात्रियों एवं अनुबंधित ऑपरेटर्स के लिए सुविधाजनक एप एवं एमआईएस/डैशबोर्ड आदि का संचालन करेगी तथा साथ ही राज्य एवं क्षेत्रीय सहायक कंपनी की मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल एवं कमांड सेन्टर का संचालन सुनिश्चित करेगी। यात्रियों की लास्ट माईल कनेक्टिविटी के लिए मल्टी मोडल ट्रान्सपोर्ट उपलब्ध कराना, उत्कृष्ट गुणवत्ता एवं मापदण्डों की अधोसंरचना का निर्माण कराना एवं दैनिंदिनी बस संचालन पर प्रभावी नियंत्रण भी इस नवगठित कंपनी के प्रमुख दायित्वों में रहेगा।

होल्डिंग कंपनी के दायित्व निम्नानुसार रहेंगे

(1) संभागवार सम्पूर्ण प्रदेश में साधारण मार्ग एवं ग्रामीण मार्ग में ओरिजिन एंड डेस्टिनेशन (ओ-डी) सर्वे एवं बस मार्ग का चिन्हांकन, ताकि अधिक से अधिक मार्ग ऑपरेटर्स के लिए वित्तीय रूप से साध्य हो सकें। साथ ही ऐसे मार्ग का चिन्हांकन जो वित्तीय रुप से ऑपरेटर के लिए साध्य न हों।

(2) मार्ग सर्वे के बाद बसों की फ्रिक्विंसी का निर्धारण करते हुये मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के तहत यात्री परिवहन सेवा के लिए संभागवार स्कीम तैयार करने के लिए शासन को आवश्यक सहयोग करना।

(3) शासन द्वारा मार्गों पर निविदा प्रक्रिया से चयनित अनुबंधित ऑपरेटर्स को परमिट उपलब्ध करवाना ।

(4) एक कुशल आई.टी. प्लेटफार्म, राज्य स्तरीय उपक्रम के कार्यालय एवं क्षेत्रीय कंपनी के कार्यालयों में, कंट्रोल एवं कमांड सेंटर की स्थापना करते हुये एक कुशल आई. टी. प्लेटफार्म को संचालित करना।

(5) आई.टी. टेक्नोलॉजी सॉल्युशन के माध्यम से यात्रियों के लिए ई-टिकिट, मोबाईल एप जिससे बसों की ट्रेकिंग, आक्युपेंसी तथा यात्रा प्लानिंग हो सकेगी। साथ ही यात्रियों के लिए कैशलेस, टेपऑन-टेपऑफ सुविधा, एप के माध्यम से पैसेंजर इंन्फोर्मेशन सिस्टम आदि उपलब्ध कराया जायेगा। साथ ही अनुबंधित ऑपरेटर्स के लिए ऑपरेटर एप, वीडियो ऑडिट साफ्टवेयर (किसी भी समय बसों में यात्रियों की संख्या हेतु) फील्ड ऑडिट एप, एम.आई.एस./ डैशबोर्ड की सुविधा (रिर्पोट सहित), ऑपरेटर स्टॉफ का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके साथ ही राज्य एवं क्षेत्रीय सहायक कंपनी के लिए कंट्रोल एवं कमांड सेंटर सॉफ्टवेयर, बस/ऑटो/टैक्सी/मेट्रो के लिए एक बुकिंग प्लेटफार्म की सुविधा (ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स प्लेटफार्म), ऑनलाइन यात्री बुकिंग सुविधा, यात्री हेल्प डेस्क, राज्य / संभाग के कार्यालयों में ऑपरेशन डेशबोर्ड, स्टाफ की ट्रेनिंग आदि उपलब्ध करायी जायेगी।



# ब्रह्माकुमारी आश्रम में दादी जानकी को दी श्रद्धांजलि

**विजयपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सभागार में सोमवार को पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी व पूर्व क्षेत्रीय निदेशक भोपाल महेंद्र भाई की पुण्यतिथि स्मृति दिवस के रूप में आश्रम से जुड़े भाई बहनों ने श्रद्धांजलि व श्रद्धा सुमन अर्पित करके मनाई गई।सेवा केंद्र प्रभारी बीके शशि बहन ने बताया कि दादी जानकी अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय ब्रह्मा कुमारीज माउंट आबू की पूर्व मुख्य प्रशासिका थी तथा उनको वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका के क्षेत्र में देश विदेश में ख्याति प्राप्त थी। दादी जानकी का अपने जीवन काल में यह लक्ष्य रहता था, की हर एक मनुष्य आत्मा परमात्मा से जुड़ी रहे, इसके लिए वह हमेशा ÷में आत्मा ÷ वह मेरा ÷परमात्मा शिव÷ का पाठ हर एक को पक्का कराती थी , जो भी उनके संबंध संपर्क में आता था।पूर्व क्षेत्रीय निदेशक ब्रह्माकुमारी भोपाल के महेंद्र भाई हमेशा आध्यात्मिक जीवन को लेकर सभी को संदेश देते थे कि बिना अध्यात्म के हमारा जीवन सफल नहीं है। शशि बहन ने कहा उनके बताएं मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि देना है , तत्पश्चात क्लास के भाई बहनों ने दादी जानकी वह महेंद्र भाई साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित किए तथा सभी ने संकल्प लिया कि हम उनके बताएं मार्ग पर चलकर अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाएंगे कार्यक्रम के समापन में सभी भाई बहनों को ईश्वरीय प्रसाद वितरण किया गया।

# पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखकर ही करेंगे पर्यटन विकास : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मंत्रालय में हुई वेटलैंड प्राधिकरण की बैठक

### 13 हजार से अधिक वेटलैंड्स का भौतिक सत्यापन हुआ पूरा




**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पर्यटन विकास के प्रयासों में पर्यावरण का भी ध्यान रखा जाना आवश्यक है। प्रकृति और पर्यावरण को क्षति पहुंचाए बिना ही पर्यटन?विकास के सभी प्रकल्प क्रियान्वित किए जाएंगे। इस संबंध में समुचित परीक्षण के बाद आवश्यक निर्णय लिए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में मध्यप्रदेश राज्य वेटलैंड प्राधिकरण की पांचवीं बैठक मंगलवार को मंत्रालय में संपन्न हुई। बैठक में वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री श्री दिलीप अहिरवार उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में प्रदेश में वेटलैण्ड्स के भौतिक सत्यापन और सीमांकन कार्य की जानकारी प्राप्त कर सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि इसरो-एसएसी-2021 (इसरो के अंतरिक्ष अनुप्रयोग केन्द्र) एटलस के अनुसार प्रदेश में भौतिक सत्यापन और सीमांकन का कार्य पर्यावरण विभाग के राज्य वेटलैण्ड प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। यह वेटलैण्ड्स 2.25 हैक्टेयर क्षेत्रफल से अधिक के हैं। यह कार्य राजस्व विभाग और वन विभाग के सहयोग और संबंधित जिला प्रशासन के नेतृत्व में सम्पन्न करवाया जा रहा है। प्रदेश में 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में 13 हजार 454 वेटलैण्ड्स का जमीनी सत्यापन और 12 हजार 741 वेटलैण्ड्स के सीमांकन का कार्य पूरा हो चुका है। प्रदेश में कुछ ही वेटलैण्ड्स शेष हैं, जहां यह कार्य अभी चल रहा है। एक नया मोबाइल एप भी तैयार किया गया है। इस कार्य के लिए प्रदेश के 55 जिलों में लगभग 5 हजार कर्मचारियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। मॉनीटरिंग के लिए डैशबोर्ड विकसित किया गया है। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने कहा कि पर्यावरण विभाग के स्तर पर वेटलैण्ड के भौतिक सत्यापन और सीमांकन कार्य की नियमित समीक्षा की जाए। बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा अपर मुख्य सचिव, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के श्री संजय कुमार शुक्ला, अपर मुख्य सचिव वन श्री अशोक वर्णवाल सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारु गाय हेतु पुरस्कार योजना के आवेदन 04 अप्रैल तक




**मुरैना,कांस।** भारतीय नस्ल के गो वंशीय पशुओ के पालन को बढ़ावा देने एवं अधिक दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिय भारतीय उन्नत नस्ल की दुधारू गायो के लिये पुरस्कार योजना संचालित की गई है। योजना सभी वर्ग के पशुपालकों के लिये है। इसके लिये आवेदन 04 अप्रैल तक आमंत्रित है। उप संचालक पशुपालन डॉ. स्वामी ने बताया कि जिनके पास भारतीय नस्ल की उन्नत गाय उपलब्ध हो तथा गाय का दुग्ध उत्पादन प्रतिदिन 06 लीटर या उससे अधिक हो। गौवश की टैगिग युनिक आईडी एंव उसकी समस्त जानकारी भारत पशुधन एप पर दर्ज होना अनिवार्य होगा। वह पशुपालक अपने आवेदन को निकटस्थ पशु चिकित्सा संस्था मे प्रस्तुत करेंगे। आवेदन प्रस्तुत करने की अन्तिम 04 अप्रैल, 2025 तक रहेगी। योजना विकासखण्ड स्तर पर चयन 05, 06 एवं 07 अप्रैल को चयन ग्राम स्तर पर तीन समय का दुग्ध उत्पादन के आधार पर किया जायेगा।

जिला स्तर पर प्रतियोगिता में गायों का चयन विकासखण्ड स्तर की प्रतियोगिता में सम्मलित हुई गायों के दुग्ध उत्पादन के आधार से ही किया जायेगा।उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय पुरस्कार के लिये प्रथम पुरस्कार 51 हजार, द्वितीय पुरस्कार 21 हजार, तृतीय पुरस्कार 11 हजार और राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार 02 लाख, द्वितीय पुरस्कार 01 लाख एवं तृतीय पुरस्कार 50 हजार रहेगा।

# फुटवियर कंपोनेंट की राष्ट्रीय प्रदर्शनी में जुटेंगे देश भर के जूता कारोबारी



**आगरा,कासं.।** देश के फुटवियर कंपोनेंट उद्योग को गति देने के लिए पिछले दो दशकों से भी अधिक समय से सक्रिय इंडियन फुटवियर कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (इफ्कोमा) द्वारा नेशनल फुटवियर कंपोनेंट एग्जीबिशन 'शू टेक' के 58वें और आगरा के 9वें संस्करण का दो दिवसीय भव्य आयोजन 2 और 3 अप्रैल को आगरा के होटल मधु रिसॉर्ट्स में किया जा रहा है। मंगलवार को होटल होलीडे-इन में आयोजित प्रेस वार्ता में इफ्कोमा के पदाधिकारियों ने आयोजन के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी।

**जूता उत्पादन की मुख्य कड़ी हैं। कंपोनेंट**

आगरा फुटवियर मैन्युफैक्चरर्स एंड एक्सपोर्टर्स चैंबर (एफमेक) के अध्यक्ष पूरन डावर ने कंपोनेंट फुटवियर एग्जीबिशन के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि कंपोनेंट जूता उत्पादन की मुख्य कड़ी हैं, ऐसे में इफ्कोमा की यह एग्जीबिशन जूता कारोबारियों के लिए वरदान है। 'शू टेक आगरा' के 9वें संस्करण में हर साल की तरह जूता उत्पादन में इस्तेमाल होने वाले सभी कंपोनेंट्स एक छत के नीचे प्रदर्शित होंगे। खास बात यह है कि यह आयोजन बायर-सेलर को सीधे एक-दूसरे से जुड़ने का मौका देता है, जिससे दोनों के पारस्परिक संवाद से भविष्य के कारोबार की बुनियाद खड़ी होती है। भारत दुनिया में फुटवियर का 11वां सबसे बड़ा निर्यातक है। नोएडा के फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई) की कार्यकारी निदेशक मंजू मान ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि एफडीडीआई भारत में फुटवियर और चमड़ा उद्योग के लिए प्रशिक्षित पेशेवरों की मांग को पूरा करने के लिए स्थापित किया गया था. उद्योग में कुशल पेशेवरों को तैयार करने, डिजाइन और उत्पादन में नवाचार को बढ़ावा देने, और उद्योग को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। फुटवियर डिजायनिंग भी एक साइंस है कम्पोनेंट्स पर अनुसंधान से हम इस दिशा में काम कर रहे हैं। मेडिकल में जूते की बड़ी भूमिका है। दुनिया के 17.7 बिलियन जोड़ी जूतों के उत्पादन में से 11.63व के साथ, भारत चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा जूता उत्पादक है। निर्यात के मामले में, भारत ने 3.13 बिलियन डॉलर के फुटवियर का निर्यात किया, सामने आये वर्ष 2022 के आंकड़ों के अनुसार भारत दुनिया में फुटवियर का 11वां सबसे बड़ा निर्यातक बन गया।

यह इस क्षेत्र में अपार संभावनाओं को समझने के लिए पर्याप्त है। प्रदेश सहित देश के कई राज्यों के कारोबारी लेंगे भाग इफ्कोमा के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि 'शू टेक' एग्जीबिशन के 58वें संस्करण को ऐतिहासिक बनाने के प्रयास किए गए हैं। हमारा मकसद जूता उद्योग के साथ फुटवियर कंपोनेंट सेक्टर को मजबूती प्रदान करना है, ताकि चीन जैसे देशों के विकल्प के रूप में हम स्वयं को खड़ा कर सकें। यह एग्जीबिशन जहां एक ओर बायर-सेलर को एक छत के नीचे लाने का काम कर रही है, वहीं नवीन तकनीक से लोगों को जागरूक भी कर रही है। इसमें उत्तर प्रदेश सहित देश के कई राज्यों के कारोबारी भाग लेंगे। इंडियन फुटवियर साइजिंग सिस्टम पर होगा सेमिनार इफ्कोमा महासचिव दीपक मनचंदा ने कहा कि आगरा की 9वीं एग्जीबिशन में देश के 60 एग्जिबीटर भाग ले रहे हैं। इसमें स्टॉल्स पर फुटवियर के सभी 32 प्रकार के कंपोनेंट्स और सहायक उपकरण की नवीनतम तकनीक और डिजाइन का प्रदर्शन होगा। 'शू टेक आगरा' एग्जीबिशन के उद्घाटन सत्र के मौके पर इंडियन फुटवियर साइजिंग सिस्टम पर एक सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इस सेमिनार में सेंट्रल लैदर रिसर्च इंस्टिट्यूट (CLRI) के विशेषज्ञ इस प्रणाली पर अपने विचार साझा करेंगे। इस सेमिनार का उद्देश्य जूता उद्योग में साइजिंग के महत्व को समझाना और इसे मानकीकरण की दिशा में सुधार लाने के उपायों पर चर्चा करना है। इस दौरान राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (NIFT) रायबरेली के निदेशक श्री नंदन सिंह बोरा भारतीय फुटवियर बाजार के फैशन ट्रेंड्स पर प्रस्तुति भी देंगे।

**दो दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन आज**

फुटवियर कंपोनेंट एग्जीबिशन 'शू टेक आगरा' का उद्घाटन आज सुबह 10-30 बजे मुख्य अतिथि एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर द्वारा किया जाएगा, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट (एफडीडीआई) नोएडा के प्रबंध निदेशक विवेक शर्मा (आईआरएस) मौजूद रहेंगे। इस दौरान जूता उद्योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दिग्गजों को सम्मानित भी किया जाएगा। दो दिवसीय प्रदर्शनी कल से सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चलेगी।

**इस दौरान विशेष रूप से मौजूद रहे**

इस दौरान एफमेक उपाध्यक्ष गोपाल गुप्ता ने इस प्रकार के आयोजन को इंडस्ट्री की जरुरत बताया, एफमेक उपाध्यक्ष राजेश सहगल और सीफी (उत्तर प्रदेश) के अध्यक्ष धर्मेंद्र नरुला ने जूता बनाने में नवीन तकनीक के इस्तेमाल पर जोर दिया। आगरा शू फैक्टर्स फेडरेशन के अध्यक्ष विजय सामा भारत में जूते के साइज़िंग सिस्टम की तकनिकी खामी पर प्रकाश डालते हुए इसमें सुधार के लिए सरकार की पहल की आवश्यकता बताई, आस्मा के अध्यक्ष ओपिंदर सिंह लवली ने जूते में आज के ट्रैंड को समझते हुए कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया इस अवसर पर एफमेक के महासचिव, राजीव वासन, इफ्कोमा के कार्यकारी निदेशक एसके वर्मा, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

# अपर आयुक्त ने सुनी आमजन की समस्यायें, दिए निराकरण के निर्देश



**ग्वालियर,नसं.।** आमजनों की विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जनसुनवाई आयोजित की गई। जिसमें नगर निगम ग्वालियर में अपर आयुक्त श्री विजय राज, श्री मुनीश सिंह सिकरवार, श्री अनिल दुबे, अपर आयुक्त वित्त श्रीमती रजनी शुक्ला ने आमजनों की समस्याएं सुनकर उनके निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान उपायुक्त डॉ. प्रदीप श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सिटीसेंटर स्थित निगम मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में वार्ड 65 पंचमुखी नगर सिकंदर कम्पू के समस्त निवासी गणों ने आवेदन देते हुए अवगत कराया कि कॉलोनी में पार्क की सार्वजनिक भूमि पर दबंगों राकेश यादव, अजित सिंह यादव, लाला किरार, हरिओम रावत, सोनू रावत, दीपक यादव मनोज कुशवाह द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। आवेदकों ने उचित कार्यवाही के संबंध में, वार्ड 20 सिद्धेश्वर नगर आसमानी माता के पास के समस्त निवासी गणों ने आवेदन देते हुए बताया कि नालियां बंद कर दीवार खडी कर दी गई है। जिससे पानी का निकास बंद हो चुका है तथा पानी घरों व दरवाजों में भरा रहता है। आवेदकों ने उचित कार्यवाही के संबंध में, महलगांव पहाड़ी पर बने प्रधानमंत्री आवास योजना के रहवासियों ने समस्याओं के निराकरण के लिए सोसायटी बनाये जाने के संबंध में आवेदन दिया। इसके साथ ही निगम से संबंधित अनेक समस्याओं के आवेदन आवेदकों ने अपर आयुक्त को दिये। अपर आयुक्त ने सुनवाई करते हुए कुछ समस्याओं का निराकरण त्वरित करते हुए बांकी समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही जनसुनवाई में पेयजल, अतिक्रमण, सफाई, विद्युत, आवास, सीवर सफाई, नामांतरण आदि से संबंधित 33 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश अपर आयुक्त ने दिए।

# अग्रवाल युवक युवती परिचय सम्मेलन की तैयारीयां जोरों पर



**मुरैना,कांस।** मुरैना मप्र में विशाल अग्रवाल युवक- युवती परिचय सम्मेलन एवं राष्ट्रीय सम्मान समारोह का आयोजन 05/06/ अप्रैल को गोपाल पैलेस माधौपुरा की पुलिया पराग मिल के पास में किया जा रहा है इसके लिए एक आवश्यक बैठक जीवाजी गंज कार्यलय में रखी गई थी परिचय सम्मेलन हेतु जिम्मेदारीयां दी गई बाहर से पधारे हुए मेहमानों को स्टेशन से होटल में लाने ले जाने की जिम्मेदारी दिनेश बंसल जी को परिचय पत्रिका विमोचन बिनोद मंगल जी को प्रचार प्रसार एडवोकेट पदम चंद जैन जी को अतिथियों के सम्मान हेतु नरेश अग्रवाल जी को स्वागत सत्कार अजय अग्रवाल जी को भोजन व्यवस्था अशोक अग्रवाल खोआ वाले को संबंध तय कराने के लिए अशोक गुप्ता एहरोली, मुरारी लाल सिंगल जी को किट वितरण आर के अग्रवाल जी को पत्रिका वितरण अशोक अग्रवाल जी को मंच व्यवस्था धीरज गर्ग जी को आदि जिम्मेदारीयां दी गई अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा रजि के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश अग्रवाल ने कहा कि परिचय सम्मेलन की तैयारीयां लगभग पूर्ण हो गई है कुछ और जिम्मेदारीयां है उनहे भी बांट दिया जायेगा परिचय सम्मेलन में हजारों विवाह योग्य युवक- युवतियाँ भाग लेगे मंच से सभी का परिचय कराया जायेगा परिचय के बाद सैकड़ों संबंध तय हो सकतें है अग्रवाल समाज के जिनहोने पंजीयन नहीं कराये है वह भी परिचय करा सकते हैं उनका नाम बाद में पत्रिका में जुड जायेगा राष्ट्रीय सम्मान हेतु भारत के हर राज्यों के अलावा नेपाल के अग्रवाल समाज के भाई बहन पधार रहे हैं सभी के रूकने खाने की समुचित व्यवस्था की गई है।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।